नई दिल्ली

मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

पौष मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 250
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


सैलरी में 20 से 35 फीसदी होगी बढ़ोतरी

## 9 दिन बाद खुशियां ही खुशियां अब आएगा आठवां वेतनमान



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए 2026 एक अहम साल होने वाला है। 7वां वेतन आयोग 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो रहा है और इसके साथ ही 8वें पे कमीशन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हर किसी के मन में एक ही सवाल है कि अब सैलरी कितनी ▸▸ शेष पेज 5 पर


दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने फोन पर बातचीत के बाद संयुक्त रूप से की समझौते की घोषणा

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता, अगले 5 साल में दोगुना होगा व्यापार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ को लेकर विश्व स्तर पर जारी आर्थिक अनिश्चितता के बीच सोमवार का दिन भारत और न्यूजीलैंड के द्विपक्षीय संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके न्यूजीलैंड के समकक्ष प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों शीर्ष नेताओं ने संयुक्त रूप से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने की घोषणा की है।

समझौते से भारत-न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को सराहनीय रूप से और अधिक गहराई प्रदान की जा सकेगी। साथ ही एक-दूसरे के बाजारों तक पहुंच बढ़ेगी, निवेश को बढ़ावा मिलेगा और रणनीतिक सहयोग को भी पहले के मुकाबले काफी मजबूती मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने 22 दिसंबर को एक बयान के जरिए बताया कि ये एफटीए ऐतिहासिक, महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ दोनों पक्षों के लिए साझा रूप से लाभप्रद साबित होगा।



फाइल फोटो

बोले शीर्ष नेता, दोनों देशों के लिए ये एक ऐतिहासिक, महत्वाकांक्षी और साझा रूप से लाभप्रद एफटीए साबित होगा

द्विपक्षीय व्यापार के दोगुना होने के अलावा आगामी डेढ़ दशक में न्यूजीलैंड से भारत में होगा 20 बिलियन डॉलर का निवेश

### रिकॉर्ड 9 महीने में पूरी हुई बातचीत

*मंत्रालय ने बताया कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच समझौते पर चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा इस साल मार्च महीने में की गई भारत यात्रा के दौरान हुई थी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने अपनी वार्ता में यह सहमति जताई कि रिकॉर्ड 9 महीने के अंदर संवाद की समूची प्रक्रिया को पूरा कर ये समझौता सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। जो संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने से जुड़ी हुई साझा आकांक्षाओं और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति को मजबूती के साथ प्रदर्शित करता है।*

## अगले 5 साल में दोगुना होगा व्यापार

बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने एफटीए की मदद से रखी गई मजबूत और भरोसेमंद नींव के मद्देनजर आगामी पांच वर्षों यानी 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के दोगुना होने को लेकर भरोसा जताया है। इसके अलावा भारत में अगले डेढ़ दशक (15 वर्ष) में न्यूजीलैंड का निवेश बढ़कर 20 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। अपनी फोन वार्ता में पीएम मोदी और पीएम लक्सन ने आपसी सहयोग से जुड़े हुए अन्य क्षेत्रों जैसे खेलकूद, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों के मामले में हुई प्रगति का भी स्वागत किया है। भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने को लेकर दोनों ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। एफटीए की मदद से दोनों देशों के नवप्रर्वतकों, उद्यमियों, किसानों, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग से लेकर छात्र तथा युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों के नए रास्ते खुलेंगे। ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत-न्यूजीलैंड के बीच हुए एफटीए के बाद बोले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

## एफटीए के बावजूद भारत के डेयरी सेक्टर में नहीं मिलेगी न्यूजीलैंड को कोई छूटः पीयूष गोयल



***बीते पांच वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सात देशों के साथ हुआ एफटीए***

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के बाद केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते के बाद भी भारत के डेयरी क्षेत्र में न्यूजीलैंड को आयात शुल्क में किसी तरह की कोई छूट नहीं मिलेगी। हम अपने इस क्षेत्र में उन्हें कभी प्रवेश नहीं करने देंगे। हाल ही में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने एफटीए होने की घोषणा ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *व्यापक और दूरदर्शी है यह समझौता*

*केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, यह एफटीए व्यापक और दूरदर्शी है। जिसका दायरा सिर्फ और सिर्फ व्यापार तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसकी मदद से शिक्षा, अनुसंधान, विकास, नवाचार, सेवा क्षेत्र, पर्यटन और खेल जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों को लाभ होगा। यह हमारे शीर्ष नेताओं की द्विपक्षीय संबंधों को ऊंचाई प्रदान करने और व्यापक स्तर तक ले जाने की सोच को भी दर्शाता है। एफटीए के बाद जो छात्र पढ़ाई के लिए (डिग्री या ऑनर्स कोर्स के लिए) न्यूजीलैंड जाएंगे। उन्हें 24 से 36 महीने का वर्क वीजा भी मिलेगा।*


VIT®
Vellore Institute of Technology
(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

सही दिशा में पहला कदम, बेहतरीन करियर की ओर

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS
SUSTAINABILITY | 2026

| भारत रैंक | विश्व रैंक | संस्थान का नाम | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | 205 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दिल्ली (IIT-Delhi) | 83.1 |
| 2 | 235 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (IIT-BOMBAY) | 81.4 |
| 3 | 236 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी खड़गपुर (IIT-KGP) | 81.3 |
| 4 | 241 | दिल्ली विश्वविद्यालय (University of Delhi) | 80.9 |
| 5 | 305 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मद्रास (IIT-Madras) | 77.3 |
| 6 | 310 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कानपुर (IITK) | 77 |
| 7 | 352 | वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (VIT) | 74.9 |
| 7 | 352 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रुड़की (IIT-Roorkee) | 74.9 |
| 9 | 462 | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस (IISc) बैंगलोर | 70.5 |
| 10 | 467 | मणिपाल एकेडमी ऑफ़ हायर एजुकेशन, मणिपाल | 70.3 |

Source : https://www.topuniversities.com/sustainability-rankings

For further information about
VITEEE 2026
scan the QR code



www.vit.ac.in   vellore-institute-of-technology   vituniversity   VIT_univ   Vellore Institute of Technology   vellore_vit





**खबर संक्षेप**

### कई वीवीआईपी इमारतों में बाधित रहेगी पेय जलापूर्ति: डीजेबी

**नई दिल्ली।** आगामी 26 दिसंबर 2025 शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन से लेकर कई वीवीआईपी इमारतों में पीने के पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। इनमें राष्ट्रपति भवन के अलावा केंद्रीय सचिवालय, संसद भवन, आर.एम.एल. अस्पताल, जनपथ, इंडिया गेट, अशोका रोड, निर्माण भवन, सुंदर नगर, लोधी रोड, विज्ञान भवन, कनॉट प्लेस, आर.एम.एल. अस्पताल, जनपथ, रामबाग, डीआईजेड सेक्टर, और आस-पास के क्षेत्र, रकाब गंज, नॉर्थ एवेन्यू, और अन्य एनडीएमसी क्षेत्र, पटपड़गंज सोसाइटी क्षेत्र, ईस्ट और वेस्ट विनोद नगर, गाजीपुर गांव, पॉकेट-वन, टू और श्री मयूर विहार फेज-वन शामिल है। इन क्षेत्रों के अलावा डीजेबी के अनुसार आज 23 दिसंबर 2025 मंगलवार को पटपड़गंज सोसाइटी क्षेत्र, ईस्ट और वेस्ट विनोद नगर तथा गाजीपुर गांव व इससे जुड़े क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने सुझाव देते हुए अपील की है कि जहां तक संभव हो संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ता जरूरत के अनुसार पहले ही पानी भरकर रख लें।

# चाकूबाजी में नाबालिग की मौत, दूसरा जख्मी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के उत्तम नगर में अज्ञात लोगों द्वारा कथित तौर पर चाकू से हमला किए जाने के बाद 16 वर्षीय लड़के की मौत हो गई और दूसरा नाबालिग घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, रविवार शाम सात बजकर 49 मिनट पर चाकूबाजी की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल आई थी, जिसके बाद पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम के पहुंचने तक घायलों को अस्पताल ले जाया जा चुका था। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने किया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ₹अस्पताल में पता चला कि घायलों में से एक समीर मोहम्मद (17) का इलाज चल रहा था, जबकि दूसरे लड़के निजाम (16) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।₹ पुलिस ने बताया कि संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान, इस मामले में दो आरोपियों - सुमित उर्फ काना और निखिल उर्फ माथा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना में शामिल अन्य संदिग्धों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने कहा कि मामले की तफ्तीश की जा रही है।

## नौसेना अधिकारी बनकर शादी का झांसा देने वाले युवक पर महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की एक महिला को नौसेना अधिकारी बनकर शादी का झूठा वादा करने वाले एक व्यक्ति ने कथित तौर पर धोखा दिया, यौन शोषण किया और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निवासी मोहम्मद जसीम के रूप में हुई है। आरोपी ने कथित तौर पर महिला के निजी वीडियो का दुरुपयोग करने की धमकी भी दी थी। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर 21 दिसंबर को पहाड़गंज पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने अपनी पहचान गलत बताई और कई महीनों तक उसका भावनात्मक और शारीरिक शोषण किया। शिकायत के अनुसार, महिला फरवरी 2025 में एक वैवाहिक वेबसाइट के माध्यम से जसीम के संपर्क में आई। उसने कथित तौर पर खुद को नौसेना अधिकारी बताया और नियमित फोन कॉल, संदेशों और उसके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत के माध्यम से धीरे-धीरे उसका विश्वास जीत लिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे बार-बार शादी का आश्वासन दिया और सितंबर-अक्टूबर 2025 के बीच उसे पहाड़गंज क्षेत्र के कई होटलों में ले गया, जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने दावा किया कि आरोपी ने झूठे बहाने बनाकर कई बार उसके घर पर रात बिताई।

नवंबर 2025 में, शिकायतकर्ता से कथित तौर पर दुबई की एक अन्य महिला निवासी ने संपर्क किया, जिसने उसे बताया कि वह आरोपी के साथ लंबे समय से रिश्ते में थी और उसकी शादी की योजना पहले से ही कहीं और बनाई जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ किए जाने पर आरोपी और उसके परिवार ने कथित तौर पर आरोप को नकारना जारी रखा और शिकायतकर्ता को गुमराह किया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी कई महिलाओं के संपर्क में था और उसका लगातार मानसिक उत्पीड़न, छल-कपट करता रहा और धमकियां देता रहा। महिला ने यह भी दावा किया कि आरोपी ने उसके आधार कार्ड और पैन कार्ड की तस्वीरें लीं और उसके निजी वीडियो का दुरुपयोग करने की धमकी दी, जिससे उसे मानसिक आघात पहुंचा और चिंता हुई। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 (धोखाधड़ी से यौन संबंध बनाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता को चिकित्सा जांच के लिए लेडी हार्डिंग अस्पताल भेजा गया था और लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल के वन स्टॉप सखी सेंटर में उसे परामर्श भी दिया गया था। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे जांच जारी है।

# महरौली में ड्रग नियमों के उल्लंघन पर 26 फर्मों के खिलाफ कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने दक्षिण दिल्ली के महरौली में एक विशेष छापा और एनफोर्समेंट ड्राइव चलाई। इस दौरान एनफोर्समेंट टीमों ने इलाके में रिटेल और होलसेल दवा फर्मों के 37 इंस्पेक्शन किए। इसके परिणामस्वरूप, 26 फर्म ड्रग नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए पाई गईं, और दोषी संस्थाओं के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट और नियमों के तहत उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की गई । इसके अलावा, इंस्पेक्शन के दौरान विभिन्न दवाओं के 265 सैंपल उनकी क्वालिटी और निर्धारित रेगुलेटरी मानकों के पालन की पुष्टि के लिए टेस्टिंग और एनालिसिस के लिए भेजे गए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली में नकली या घटिया दवाओं के लिए जीरो टॉलरेंस है। जब तक मैं स्वास्थ्य मंत्री हूं, राजधानी में नकली दवाएं बेचने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

### दिल्ली सरकार जल्द शुरू करेगी डिजिटल डैशबोर्ड 'दर्पण 2.0' : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** पारदर्शी और परफॉर्मेंस आधारित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार बहुत जल्द ही डिजिटल डैशबोर्ड दर्पण 2.0 शुरू करने जा रही है। इस बात की जानकारी दिल्ली के सूचना एवं तकनीकी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सोमवार को दी है। डॉ. पंकज ने कहा कि यह एडवांस्ड, यूनिफाइड परफॉर्मेंस-मॉनिटरिंग डैशबोर्ड है जिसे नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। इसे एक रियल-टाइम, एनालिटिक्स-ड्रिवन प्लेटफॉर्म के तौर पर डिजाइन किया जा रहा है। दर्पण 2.0 अलग-अलग सरकारी विभागों को मुख्य योजनाओं और सेवाओं के लिए एकीकृत दृष्टिकोण उपलब्ध कराएगा, जिससे तेजी से परफॉर्मेंस के आधार पर फैसले लेने में मदद मिलेगी।

### भागवत कथा में बांग्लादेश की घटना पर रोष व्यक्त

**नई दिल्ली।** यमुनापार स्थित अनारकली गार्डन जगतपुरी स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में आयोजित भागवत कथा में बांग्लादेश की घटना पर भारी रोष व्यक्त किया जा रहा है। स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि भारत हो या बंगाल अथवा कोई भी अन्य देश, बार बार हिंदुओं पर अत्याचार से सनातनी क्षुब्ध है, रोष बढ़ रहा है। स्वामी राजेश्वरानंद ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय कृत्य पर संयुक्त राष्ट्र संघ को शीघ्र कार्यवाही करनी चाहिए। इस बारे में सदगुरु राजदरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि अंग्रेजी नववर्ष स्वागत सनातनी संस्कृति संदर्भ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का प्रथम चरण चल रहा है। जिसमें स्वामी राजेश्वरानंद महाराज द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय कृत्यों पर अत्यंत पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि बांग्लादेश में बार बार चुन चुनकर हिंदुओं पर ही अमानवीय अत्याचार पर केंद्र सरकार को राजनैतिक कूटनीति सैनिक किसी भी तरह से कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत हो चुका, अब सरकार को मूक रहते हुए तमाशा नहीं देखना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व में शांति की स्थापना हेतु कार्य करने वाले संयुक्त राष्ट्र संघ एवं मानवाधिकार आयोग भी हिंदुओं को छोड़ अन्य समुदाय के खिलाफ छोटी से छोटी घटना पर तुरंत संज्ञान लेते हैं। लेकिन हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का लेकर इन सब के पास शायद समय ही नहीं है।

## कॉन्स्टेबल की बहादुरी से टला बड़ा हादसा, रिहायशी इमारत से जलता हुआ सिलेंडर बाहर निकाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में एक कॉन्स्टेबल ने अपनी जान जोखिम में डालकर एक रिहायशी इमारत से जलते हुए रसोई गैस सिलेंडर को बाहर निकाला और दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही आग को बुझा दिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। द्वारका के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंकित सिंह ने बताया कि मोहन गार्डन इलाके की एक इमारत में आग लगने की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को सतर्क किया गया था। अधिकारी के अनुसार, जब पुलिस दल और दमकल वाहन घटनास्थल की ओर बढ़ रहे थीं, तभी स्थानीय 'बीट' स्टाफ के कॉन्स्टेबल अनिल वहां पहुंचे। उन्होंने स्थिति का आकलन किया और देखा कि इमारत के अंदर फंसे निवासियों की जान को गंभीर खतरा है। डीसीपी ने कहा, ₹अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, कॉन्स्टेबल ने तुरंत परिसर के भीतर जाने का जोखिमपूर्ण निर्णय लिया। उन्होंने जलते हुए, गैस सिलेंडर को खींचकर बाहर निकाला और लपटों को शांत किया, जिससे आग को फैलने से रोका जा सका।₹ वरिष्ठ




अधिकारियों ने बताया कि स्थिति अत्यंत गंभीर थी और जरा सी भी देरी होने पर बड़ा विस्फोट हो सकता था, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता। डीसीपी ने कहा कि कॉन्स्टेबल ने अद्भुत सूझबूझ और अदम्य साहस का परिचय दिया। उनकी त्वरित कार्रवाई का ही परिणाम था कि स्थिति कुछ ही मिनटों में पूरी तरह नियंत्रण में आ गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है और निवासियों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**खंडेलवाल ने एलजी को लिखा पत्र**

## वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में पार्क का नाम अटल सद्भावना रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महामंत्री व चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण कुमार खंडेलवाल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखा है। खंडेलवाल ने एलजी को पत्र लिखकर मांग की है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर रिंग स्थित सद्भावना पार्क का नाम बदलकर अटल सद्भावना पार्क रखना चाहिए। उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से एलजी को लिखा है कि अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को स्मरणीय रूप से मनाने के लिए यह एक कदम है। उन्होंने उक्त पार्क में अटल बिहारी वाजपेयी जी की बड़ी प्रतिमा स्थापित करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे समाज को एक आदर्श नेता रहे अटल के जीवन से हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहेगा। खण्डेलवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के महानतम राजनेताओं में से एक रहे जो दूरदर्शी , उत्कृष्ट सांसद और लोकतांत्रिक मूल्यों व राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थे। उनका संपूर्ण जीवन और कार्य सद्भावना, संवाद, समावेशी विकास और सुशासन के आदर्शों पर आधारित रहा है, जिससे इस पार्क का नामकरण अत्यंत प्रतीकात्मक और सार्थक बन जाता है। उन्होंने लिखा कि अटल वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। जब उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को सम्मानित किया जाए और उनकी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संस्थागत रूप दिया जाए। राजधानी के हृदय में स्थित किसी प्रमुख सार्वजनिक स्थल को उनके नाम समर्पित करना शांति, देशभक्ति, ईमानदारी और समावेशी प्रगति के उनके आदर्शों को स्थायी श्रद्धांजलि होगी तथा विशेष रूप से युवाओं को इन मूल्यों से प्रेरित करेगा। खण्डेलवाल ने यह भी सुझाव दिया कि अटल सद्भावना पार्क को एक स्मृति एवं जागरूकता स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है।

### 'मैं अटल हूं' शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी : गोयल

**नई दिल्ली।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर गांधी स्मृति एवं हेरिटेज इंडिया फाउंडेशन द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन 25 दिसंबर को सायं 5 बजे, सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस अवसर पर अटल के जीवन और विचारों पर आधारित "मैं अटल हूं" शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक, गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन होंगे, जबकि लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिड़ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले 25 वर्षों से निरंतर अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गोयल ने बताया कि महात्मा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी, दोनों ही जिनसे सबसे अधिक प्रेरित थे, वे थे राजा सत्यवादी हरिश्चंद्र।

# शराब के नशे में साथी मजदूर की हत्या करने के आरोप में एक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के प्रेम नगर इलाके में नशे की हालत में हुए झगड़े के बाद अपने साथ काम करने वाले एक मजदूर की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यहां एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रेम नगर थाने के पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर 19 दिसंबर को सूचना मिली थी कि एक घायल मजदूर बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है, जिसके सिर में गंभीर चोट लगी है। उन्होंने बताया कि इसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान मुकेश (45) के रूप में हुई थी, वह बिहार का रहने वाला था।

अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की गई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को स्थल के मालिक से जानकारी मिली कि दो मजदूर - मुंशी राय और विशु राय - घटना की रात से लापता थे तथा पता चला कि दोनों आनंद विहार रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा दिल्ली से भाग गए थे। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) राजीव रंजन ने एक बयान में कहा, ''पुलिस विक्रमशिला एक्सप्रेस से संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया और उसे बक्सर जंक्शन पर उतारा गया और दिल्ली लाया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, पुलिस ने हत्या में मुंशी राय की संलिप्तता का पता लगाया।

उन्होंने बताया कि मुंशी राय ने 19 दिसंबर की रात शराब पीने के दौरान हुए झगड़े के बाद मुकेश पर ईंट से हमला किया था। सिर में गंभीर चोटें आने के बाद मुकेश गिर पड़ा और बाद में उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि मुंशी राय को गिरफ्तार कर लिया गया, है और आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

### अनधिकृत कॉलोनियों में टैंकों की सफाई पर करोड़ों खर्च की बजाए स्थायी हल करे सरकार: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली कांग्रेस ने एक बार फिर भाजपा की रेखा सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि रेखा सरकार अनाधिकृत कॉलोनियों में यमुना सफ़ाई के नाम पर सेप्टिक टैंकों की सफाई पर करोड़ों रूपये बर्बाद कर रही है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि इस पर करोड़ों खर्च करने से बेहतर है कि इन अनाधिकृत कॉलोनियों में जल निकासी और अपशिष्ट की समस्या के स्थाई समाधान के लिए सीवर की लाइन बिछाकर सुधार व स्थायी हल निकाले। यादव ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने की बजाए यमुना स्वच्छता अभियान के नाम पर इन कॉलोनियों में सेप्टिक टैंको की सफाई के लिए 300 सेप्टेज सफाई मशीनों की तैनाती करने की बात क्यों कह रही है। पिछले 10 महीनों में रेखा सरकार ने यमुना सफाई पर घोषणाओं के अलावा कुछ नही किया और अब सेप्टिक टैंकों की सफाई को यमुना स्वच्छता अभियान से जोड़कर सरकार दिल्ली वालों की सहानुभूति लेने की कोशिश कर रहा है। यमुना सफाई के लिए दिल्ली जल बोर्ड को औखला के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की 124 एमजीडी क्षमता बढ़ाने के लिए जो उद्घाटन किया था, उस पर काम करना चाहिए। सीवर लाईन की कमी वाले क्षेत्रों जैसे नजफगढ़, टीकरी कलां में कचरे का स्थानीय स्तर पर उपचार करना चाहिए। यादव ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2018 के अनुसार लगभग 150 निजी ठेकेदार को अपशिष्ट का संग्रह और निपटान करके सीवेज पमपिंग स्टोशनों पर 86 संग्रह केन्द्रों पर भेजते है और वर्तमान में संग्रह और निपटान दर प्रति माह लगभग 30-40 करोड़ लीटर सेप्टेज है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार मौजूदा समस्याओं से दूर भविष्य में एक-दो वर्ष बाद की योजनाओं पर बात कर रही है। जबकि वर्तमान में दिल्ली का हर व्यक्ति परेशानियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जल हो या वायु प्रदूषण किसी पर भी नियंत्रण पाने में नाकाम है, जबकि दिल्लीवासी दूषित पानी और जहरीली हवा के साथ जीने को मजबूर है। इसके अलावा परिवहन संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए छोटे संयत्रों का निर्माण करें तथा इंटर सेप्टर सीवर परियोजना के तहत यमुना में प्रवेश करने से पहले कच्चे सीवेज को रोकना चाहिए। इसके लिए दिल्ली के बड़े व प्रमुख नालों में शामिल नजफगढ़, सप्लीमेंट्री, शाहदरा के साथ सीवर लाइन बिछाने का कार्य करना चाहिए।

# दिल्ली मेट्रो कल होगी 23 साल की, 24 वें वर्ष कई इतिहास रचने वाली स्वर्णिम यात्रा लगातार जारी

सत्यप्रकाश ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल 24 दिसंबर 2025 को अपने 23 साल पूरे करते हुए 24वें साल की और जा रही है। वैसे आम यात्रियों के लिए इसकी शुरुआत 25 दिसंबर 2002 को हुई थी, लेकिन एक दिन पूर्व यानी 24 दिसंबर 2002 को तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने रेड लाइन अंतर्गत शाहदरा से तीस हजारी के बीच देश की पहली मेट्रो रेल को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की थी। महज आठ किलोमीटर व छह स्टेशनों के प्रथम खंड से शुरू हुई इतिहास रचने वाली मेट्रो रेल की स्वर्णिम यात्रा निरंतर जारी है। इन 23 वर्षों में दिल्ली मेट्रो ने कई इतिहास रचते हुए मील के पत्थर भी स्थापित किए है। दिल्ली जैसी जटिल भौगोलिक परिस्थितियों वाले शहर में वर्ष 2002 में महज 6 किमी से शुरू हुई मेट्रो आज दिल्ली में ही 12 लाइनों पर 289 मेट्रो स्टेशनों के साथ लगभग 395 किमी लंबी यात्रा कर रही है। रोजाना लाखों यात्रियों को सुगम व सुलभ यात्रा करवाती मेट्रो लगभग दिल्ली की लाइफ लाइन बन चुकी है। मेट्रो का लक्ष्य संपूर्ण रिंग रोड मेट्रो यानि पिंक लाइन को 31 दिसंबर 2025 से पूर्व शुरू करने का रहा है, जो बनकर तैयार भी है। लेकिन अभी पिंक लाइन के अंतिम खंड मजलिस पार्क से मौजपुर के बीच लगभग 12 किमी ट्रैक पर परिचालन शुरू नहीं हो सका है। जबकि शेष मजलिस पार्क से जौहरीपुर तक परिचालन पहले से ही हो रहा है। वर्ष 2025 के अंतिम माह यानी दिसंबर में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अपना दूसरा मेट्रो संग्रहालय शुरू कर दिया। कोरोना की वजह से निर्माण में आई मंदी को अब लगभग पूरी तरह गति मिल चुकी है और वर्ष 2026 में कई नई कामयाबी डीएमआरसी के स्वागत के लिए लगभग तैयार है। दिल्ली मेट्रो ने 8 अगस्त 2025 को एक दिन में अपनी अब तक की सबसे अधिक यात्री की संख्या दर्ज की। रक्षाबंधन के त्योहार से एक दिन पहले कुल 81 लाख 87 हजार 674 यात्रियों ने दिल्ली मेट्रो में से यात्रा की। वहां डीएमआरसी ने नवंबर 2025 में एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि हासिल की, जब उसने मौजूदा रेड लाइन के नीचे पुलबंगश में परिचालन को बाधित किए बिना सफलतापूर्वक एक भूमिगत सुरंग का निर्माण किया। लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर पर दिसंबर 2025 में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह चरण-4 के प्राथमिकता वाले कॉरिडोर से परे पहला खंड है जिस पर काम शुरू हुआ है। डीएमआरसी को यूएमआई 2025 में सर्वश्रेष्ठ यात्री सेवाओं के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार मिला। इसके राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली इकाई का पुरस्कार भी मिला। मेट्रो ने हरित ऊर्जा के दिशा में आगे बढ़ते हुए ओखला विहार में एक एलिवेटेड वायाडक्ट पर एक वर्टिकल बाई-फेशियल सोलर प्लांट और खैबर पास डिपो में 1 मेगावाट का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया। वहीं प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली मेट्रो ने निर्माण स्थलों पर प्रदूषण से निपटने और शहर के हरित आवरण को बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए, जिसमें निर्माण और विध्वंस कचरे के पुनर्चक्रण पर ध्यान केंद्रित किया गया। वर्ष 2025 में ही यात्रियों की सुविधा के लिए मोमेंटम 2.0 लॉन्च किया गया, जो एकीकृत क्यूआर टिकटिंग, ई-शॉपिंग और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी का बेहतरीन विकल्प प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त डीएमआरसी ने नई पीढ़ी के स्वायत्त नेविगेशन समाधानों के लिए आईआईटी हैदराबाद के तिहान (टीआईएचएएन) के साथ एक समझौता ज्ञापन किया।

## दिल्ली में कूड़े की समस्या को लेकर मिडिल क्लास सड़कों पर : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि प्रदूषण की मार झेल रहे दिल्ली के लोग अपने इलाके में जगह-जगह जमा कूड़े की समस्या को लेकर भी परेशान हैं। सोमवार को इस कूड़े की समस्या को लेकर तुगलकाबाद विधानसभा के वार्ड 178 के लोग भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर कर चक्का जाम लगा दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सौरभ ने कूड़े की समस्या को लेकर मिडिल क्लास द्वारा सड़कों पर उतर कर चक्का जाम कर प्रदर्शन करने का वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया है। वीडियो में कालकाजी एक्सटेंशन में कूड़े की समस्या को लेकर स्थानीय लोग एकत्र होकर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिख रहे हैं और दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सौरभ ने कहा कि अब दिल्ली सरकार को अपनी नींद छोड़कर कालकाजी एक्सटेंशन की मदद के लिए आगे आना होगा। कालकाजी एक्सटेंशन के निवासियों की ओर से यह मांग की गई कि दिल्ली की भाजपा मुख्यमंत्री और एमसीडी आयुक्त यहां का दौरा करें और उनकी समस्या का तत्काल समाधान कराएं।

### एमसीडी पर निराधार आरोप लगा रहे सौरभ : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली वाले जानना चाहते हैं कि खुद डेढ़ साल स्वास्थ मंत्री रहे आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज को क्या इतनी भी प्रशासनिक समझ नहीं कि हर मरीज का रिहाइशी पता चढ़ा होता है और इस तरह का झूठ को प्रशासन नहीं बोल सकता जैसा आरोप वह दिल्ली नगर निगम पर लगा रहे हैं। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने सोमवार को सौरभ भारद्वाज के डेंगू संबंधी दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संसद में जो 3746 डेंगू केस का आंकड़ा दिया गया वह दिल्ली के अस्पतालों में डेंगू का इलाज करवाने वालों का है जिसमें दो तिहाई यानि 2300 के लगभग वह मरीज हैं जिन्होने इलाज तो दिल्ली में करवाया पर वह दिल्ली निवासी नहीं, केस बिगड़ने के बाद दिल्ली आ कर उन्होंने अपना इलाज करवाया, लेकिन आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज को यह आंकड़ा समझ में नहीं आया।

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**
Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com
CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 Fax No.-011-28315044/ 0124-2719100

**NOTICE OF SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES**

Pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025, Shareholders are hereby informed that a Special Window has been opened only for relodgement of transfer deeds which were lodged prior to the deadline of 1st April, 2019 and rejected/returned/not attended, due to deficiency in the documents/process or other reasons. This relodgement window shall remain open for a period of six months i.e. from 7th July, 2025 till 6th January, 2026.

During this period, the shares/securities that are re-lodged for transfer including those requests that are pending with the Company shall be processed and issued only in dematerialized form, subject to verification and approval of all documents by the Company and the Registrar and Share Transfer Agent, Indus Shareshree Private Limited ('RTA').

The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA. Transfer requests submitted after 6th January, 2026 will not be accepted by the Company/RTA.

Shareholders are requested to send their transfer requests along with the required documents at the following address:

Indus Shareshree Private Limited
G-65, Bali Nagar New Delhi-110015
Tel. No.: 91 -11-47671200; Toll Free No.: 1800 3094001
Email Id: ippl@indusinvest.com

For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Piyush Garg
Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 22.12.2025

### बढ़ते प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में की बैठक

# बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों के चालान अब नहीं होंगे माफः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की रेखा सरकार ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र वाले वाहनों के चालान माफ नहीं करने का फैसला लिया है। इसके अलावा दिल्ली एनसीआर में पूल व शेयर ई-बसें चलाने, ई-रिक्शा के लिए नई गाइडलाइन लाने और डीटीसी रूटों को युक्तिसंगत बनाने का निर्णय लिया है।

इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रदूषण को लेकर दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तीय बैठक करने के बाद दी। इस म बैठक में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित पर्यावरण, परिवहन, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति पीडब्ल्यूडी और यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने सबसे कड़ा रुख उन वाहनों के प्रति अपनाया जो बिना वैध प्रदूषण जांच प्रमाणपत्र (पीयूसी) के सड़कों पर प्रदूषण फैला रहे हैं।

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर 10 हजार रुपये के भारी जुर्माने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया कि अक्सर वाहन मालिक लोक अदालत का सहारा लेकर इस जुर्माने को बहुत कम करवा लेते हैं, जिससे दंड का भय समाप्त हो जाता है और लोग अपने वाहनों को प्रदूषण मुक्त कराने के प्रति गंभीर नहीं होते। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दो टूक शब्दों में कहा है कि अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का चालान किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि इसके लिए सरकार को कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाना पड़े, तो पीछे नहीं हटा जाएगा। सरकार का लक्ष्य राजस्व वसूली नहीं, बल्कि नागरिकों को शुद्ध हवा देना है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और इन निर्णयों को तत्काल प्रभाव से जमीन पर उतारने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि दिल्ली सरकार प्रदूषण के विरुद्ध एक व्यापक और बहुआयामी युद्ध लड़ रही है।

सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कड़े से कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटा जाएगा। सरकार न केवल सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक बना रही है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के प्रति उनकी सरकार पूरी तरह गंभीर और समर्पित है।

### ओला-ऊबर के साथ ई-बस सेवा शुरू करने के लिए दिल्ली सरकार करेगी संवाद

प्रदूषण कम करने के लिए निजी भागीदारी को बढ़ावा देते हुए दिल्ली सरकार शीघ्र ही ओला और ऊबर जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ संवाद करेगी। इस योजना का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पूल व शेयर के रूप में 'प्रदूषण रहित सवारी बसें' चलाने की संभावनाओं को तलाशना है। यदि ये कंपनियां इलेक्ट्रिक या प्रदूषण मुक्त बसें संचालित करती हैं, तो इससे सड़कों पर निजी वाहनों का दबाव कम होगा और सार्वजनिक परिवहन अधिक पर्यावरण अनुकूल बनेगा। मुख्यमंत्री का कहना है कि राजधानी को जीरो उत्सर्जन करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

### ई-रिक्शा के लिए सरकार लाएगी नई गाइडलाइन

राजधानी की सड़कों पर अनियंत्रित ई-रिक्शा यातायात जाम का एक बड़ा कारण बनते हैं। जाम के कारण वाहनों का ईंधन अधिक जलता है, जो सीधे तौर पर प्रदूषण बढ़ाने में सहायक होता है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि दिल्ली सरकार जल्द ही नई 'ई-रिक्शा गाइडलाइन' जारी करेगी। इन नियमों के माध्यम से ई-रिक्शा के संचालन क्षेत्र और उनके रूटों को व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि यातायात बाधित न हो और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही सुचारू बनी रहे।

## 'पल्ला गांव में गंदे पानी का नाला बना ग्रामीणों की मुसीबत'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ हल्की बारिश में जलभराव, पिछले 25 वर्षों से मिल रहे सिर्फ आश्वासन

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र में यमुना किनारे बसे पल्ला गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए बना नाला ग्रामीणों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। गांववासियों का कहना है कि हल्की सी बारिश होते ही मुख्य मार्ग पर पानी भर जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, साथ ही किसी अप्रिय घटना की संभावना भी बनी रहती है। ग्रामीण राजप्रकाश राजपूत, दिनेश वर्मा ने बताया कि जलभराव के कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। इसके अलावा निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गलियों में बिना बारिश के ही पानी भरा रहता है। कई बार फिसलन के चलते लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं और वर्तमान हालात को देखते हुए भविष्य में भी दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। बारिश के दिनों में तो हालात इतने खराब हो जाते हैं कि कई परिवारों के लिए घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लगभग 25 वर्षों से नाले के बेहतर तरीके से निर्माण और गंदे पानी की निकासी की समस्या को लेकर वे लगातार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों को अवगत कराते रहे हैं। अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा तो लेते हैं, लेकिन समस्या के समाधान के बजाय केवल आश्वासन देकर लौट जाते हैं।

### अब तक दो लाख से अधिक पीयूसी सर्टिफिकेट जारी

## करीब 10 हजार वाहन जांच में फेल : सिरसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में ग्रैप चार के तहत लागू 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम लागू होने के बाद अब तक 2 लाख से ज्यादा प्रदूषण नियंत्रण सर्टिफिकेट्स जारी किए गए। वहीं जांच में 10 हजार से अधिक वाहन मानकों पर खरे नहीं उतरे। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है।

सिरसा ने कहा कि सोमवार से दिल्ली भर में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया गया है। जो भी औद्योगिक इकाई वायु प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाएगी, उसे तुरंत सील किया जाएगा। 31 दिसंबर तक ओईसीएम सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन न करने वाले उद्योगों पर भी सख्त कार्रवाई होगी। एमसीडी और डीपीसीसी मिलकर शहर में चल रहे अवैध और अनधिकृत औद्योगिक यूनिट्स की पहचान कर रहे हैं। ऐसे सभी यूनिट्स बंद किए जाएंगे। मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीते चार दिनों से लागू ग्रैप -4 के सख्त प्रावधानों के सकारात्मक असर अब जमीन पर दिखने लगे हैं और हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया जा रहा है। मंत्री सिरसा ने बताया कि सभी पीयूसी केंद्रों को आधुनिक और उन्नत मशीनों से अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि जांच में देरी न हो और नतीजे सही रहें। इसके साथ ही पीयूसी व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाने के लिए थर्ड-पार्टी जांच प्रणाली लागू की जा रही है। परिवहन विभाग की तकनीकी टीमें लगातार मौके पर निगरानी कर रही हैं ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो। पर्यावरण मंत्री सिरसा ने दिल्ली के नागरिकों और अधिकारियों का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और आगे भी साथ देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी दृढ़ता से आगे बढ़ रही है। मिलकर हम दिल्ली को और साफ, सुरक्षित और स्वस्थ बना सकते हैं।

### निगम पार्षद ने खोली उपायुक्त कार्यालय पर मिली अनियमितताओं की पोल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम उपचुनाव 2025 में नवनिर्वाचित निगम पार्षद अनिल लाकड़ा ने नरेला जोन उपायुक्त कार्यालय और उसके आसपास निरीक्षण के दौरान निगम प्रशासन की कई अनियमितताओं की पोल खोली। निरीक्षण के बाद उन्होंने भाजपा के निगम महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह और अन्य निगम नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर भाजपा के महापौर, निगम नेता रोजाना प्रदूषण को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नरेला जोन उपायुक्त कार्यालय के बाहर खड़े वाहन धूल फांकते नजर आ रहे हैं। पार्षद अनिल लाकड़ा ने कहा कि कार्यालय परिसर में और आसपास के क्षेत्र में न तो किसी प्रकार का नियमित सफाई अभियान दिखता है और न ही धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव किया जा रहा है। परिणामस्वरूप पूरे इलाके में लगातार धूल उड़ती रहती है, जिससे कर्मियों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद अनिल लाकड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि नरेला जोन उपायुक्त कार्यालय परिसर के भीतर पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे वहां आने वाले नागरिकों और कर्मियों को भारी असुविधा होती है।

### पीएम मोदी के 'डिजिटल भारत' अभियान पर पलीता लगा रहा एमसीडी

दया राम ⏭ नई दिल्ली

■ वेबसाइट नहीं हो रही है अपडेट, देखने वाला कोई नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल भारत' अभियान को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन ने जोर शोर और जोश के साथ शुरू किया लेकिन इन दिनों हालत देखी जाए तो निगम की वेबसाइट **https://mcdonline.nic.in/portal** सिर्फ एक डिब्बा बन कर रह गई है। वेबसाइट पर संबंधित अपडेटिड जानकारी उपलब्ध ही नहीं है और यदि है तो पुरानी है। कई विभागों में अधिकारियों के अपडेटिड नाम नंबर तक नहीं है। बता दें कि जन स्वास्थ्य विभाग में भले ही निगम स्वास्थ्य अधिकारी (एमएचओ) डॉ राजेश रावत हैं, लेकिन वेबसाइट पर इन दिनों भी डॉ एल आर वर्मा निगम जन स्वास्थ्य अधिकारी नजर आ रहे हैं। नागरिक तो यह भी कह रहे हैं कि दिल्ली नगर निगम के नेता और प्रशासन पीएम मोदी के उक्त अभियान को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहें हैं। दिल्ली नगर निगम की बेबसाइट पर भी इन दिनों सभी विभाग ताजा जानकारी देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी के सपने 'डिजिटल भारत' को साकार करने के लिए निगम के महापौर, स्थायी समिति के अध्यक्ष, निगमायुक्त, अतिरिक्त आयुक्त व संबंधित विभाग अधिकारी, जनता व अपने कर्मियों के लिए डिजिटल सुविधाएं को लेकर समय समय पर नई ऐप लेकर आते रहे हैं लेकिन दिल्ली नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट जिस पर नागरिक और निजी कंपनियां, मीडिया घराने अधिक विश्वास करते हैं, उस पर आधी अधूरी जानकारी उपलब्ध है। साथ ही यह भी बता दें कि विपक्षी दल जैसे आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी नेता भी समय समय पर डिजिटल अभियान की कमियों को बैठकों में उजागर करते रहें हैं लेकिन इसके बाद भी निगम नेताओं व प्रशासन ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है।



## पेज एक का शेष

### 9 दिन बाद खुशियां...

बढ़ेगी और पैसा कब मिलेगा? सरकार ने 8वें वेतन आयोग को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अक्टूबर 2025 में इसके लिए जरूरी शर्तों यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद आयोग को सैलरी, भत्तों और पेंशन से जुड़ी सिफारिशें तैयार करने के लिए करीब 18 महीने का समय दिया गया है यानी रिपोर्ट आने में थोड़ा वक्त लगना तय है। 6वें वेतन आयोग में औसतन करीब 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि 7वें में यह बढ़ोतरी लगभग 23 से 25 फीसदी के बीच रही थी। 8वें पे कमीशन में सैलरी बढ़ोतरी 20 से 35 फीसदी के दायरे में रहने की उम्मीद जताई जा रही है। खासतौर पर निचले स्तर और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को थोड़ा ज्यादा फायदा मिल सकता है।

### अगले 5 साल में...

**दीर्घकालिक साझेदारी का मजबूत आधार: पीएम मोदी:** प्रधानमंत्री मोदी ने एफटीए को लेकर एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ देर पहले भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौते के संपन्न होने के बाद मेरे मित्र और प्रधानमंत्री लक्सन के मध्य बहुत अच्छी बातचीत हुई है। हमारे संबंधों के लिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश को मजबूती के साथ बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। सिर्फ 9 महीनों में संपन्न हुआ ये एफटीए हमारे बीच न केवल मील का पत्थर साबित होगा। बल्कि यह हमारे आर्थिक संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और साझा महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। यह समझौता बेहतर बाजार पहुंच, निवेश प्रवाह बढ़ाने और नर्वप्रवर्तकों, उद्यमियों, किसानों, एमएसएमई के साथ ही छात्रों-युवाओं के लिए अनेक नए अवसरों की उपलब्धता का भावी प्रमाण प्रस्तुत करता है। एक अन्य पोस्ट उन्होंने कहा, एफटीए से दोनों देशों की साझेदारी नई ऊंचाइयों को छूने जा रही है। जिससे भारत, न्यूजीलैंड के बीच अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो जाएगा। भारत विभिन्न क्षेत्रों में न्यूजीलैंड से 20 बिलियन डॉलर के निवेश का स्वागत करता है। दोनों देशों के प्रतिभाशाली युवा, जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और सुधार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नवाचार, विकास-दीर्घकालिक साझेदारी के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। हम शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक संबंधों जैसे अन्य क्षेत्रों में भी सहयोग को और अधिक मजबूत करना जारी रखते हैं।

**फायदे में रहेंगे न्यूजीलैंड के उत्पादक: पीएम लक्सन:** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने एक्स पर अपनी एक ऑडियो-वीडियो पोस्ट में बताया, हमने भारत के साथ एक एफटीए संपन्न कर लिया है। जिससे न्यूजीलैंड के किसानों, उत्पादकों और व्यवसायों के लिए नए अवसर खुलेंगे, निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, नए रोजगारों का सृजन होगा और आय में बढ़ोतरी होगी। जिससे हर न्यूजीलैंडवासी को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने पीएम मोदी के साथ फोन पर बातचीत होने का उल्लेख किया। साथ ही कहा कि ये समझौता न्यूजीलैंड के भारत को किए जाने वाले 95 फीसदी निर्यात पर शुल्क कम करता है या हटा देता है। आने वाले 20 वर्षों में न्यूजीलैंड से भारत को होने वाला निर्यात सालाना 1.1 अरब डॉलर से 1.3 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। विश्व मंच पर सक्रियता दिखाना, नए व्यापार समझौता करना, रोजगार और उच्च वेतन प्रदान करने की नेशनल पार्टी की योजना का एक प्रमुख हिस्सा है।

**न्यूजीलैंड में ज्यादा नौकरियों, ज्यादा वेतन:** पीएम लक्सन के मुताबिक, भारत के साथ एफटीए से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। जिससे न्यूजीलैंड में अधिक नौकरियां, उच्च वेतन और मेहनती न्यूजीलैंडवासियों के लिए अधिक अवसरों का निर्माण होगा। ये समझौता दोनों देशों के बीच मित्रता को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में एक है, जिससे न्यूजीलैंड के व्यवसायों को 1.4 अरब भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ेगी। न्यूजीलैंड की सरकार बुनियादी चीजों को ठीक करने और भविष्य का निर्माण करने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा, इस तरह के नए व्यापार समझौते हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित करने में मदद कर रहे हैं, जिससे सभी कीवी आगे बढ़ सकें।

### एफटीए के बावजूद...

की है। जिसमें ये साफ किया गया है कि भारत के लिए डेयरी क्षेत्र एक लक्ष्मण रेखा यानी रेड लाइन है और उसे लेकर कोई समझौता नहीं किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने समझौते के बाद हुई मीडिया ब्रीफिंग में इसकी विस्तृत व्याख्या करते हुए यह जानकारी दी। बताते चलें कि डेयरी क्षेत्र को लेकर की गई गोयल की यह टिप्पणी भारत और अमेरिका के बीच ऐसे ही एक समझौते को लेकर जारी चर्चाओं के मध्य की गई है। अमेरिका चाहता है कि भारत अपना कृषि और डेयरी क्षेत्र उसके तमाम उत्पादों (आनुवांशिक रूप से विकसित) के लिए खोल दे। जिसके लिए भारत कतई तैयार नहीं है। बीते वक्त में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से इस तथ्य की घोषणा की है।

**न्यूजीलैंड जाने वाले सामान पर जीरो ड्यूटी:** उन्होंने कहा कि एफटीए के बाद न केवल भारत के निर्यात को बहुत बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा। बल्कि हमारे देश से न्यूजीलैंड जाने वाले सभी तरह के सामान पर भी कोई टैक्स नहीं लगेगा यानी उसे जीरो ड्यूटी का लाभ मिलेगा। न्यूजीलैंड को 95 फीसदी उत्पादों पर टैरिफ घटाने या हटाने का लाभ भारत की तरफ से दिया जाएगा। परस्पर रूप से लाभप्रद यह समझौता भारत-न्यूजीलैंड आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही विकसित भारत <\@>2047 के लक्ष्य की दिशा में भारत की यात्रा को भी आगे बढ़ाएगा।

**118 क्षेत्रों में मिलेगी बेहतर बाजार पहुंच:** केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्रालय के अनुसार, इस एफटीए के जरिए भारत को न्यूजीलैंड द्वारा अब तक की सबसे बेहतर बाजार पहुंच और सेवा का प्रस्ताव दिया गया है। जिसमें कुल करीब 118 सेवा क्षेत्र शामिल हैं, जैसे कंप्यूटर से जुड़ी हुई सेवाएं, पेशेवर सेवाएं, ऑडियो-विजुअल, टेलीकॉम, निर्माण, पर्यटन और ट्रैवल मुख्य रूप से शामिल हैं। साथ ही भारत को न्यूजीलैंड ने 139 उप-क्षेत्रों में सबसे पसंदीदा देश (एमएफएन) की प्रतिबद्धता भी जताई है। समझौता कुशल रोजगार के नए रास्ते खोलता है। जिससे भारतीय पेशेवरों के लिए अस्थायी रोजगार एंट्री वीजा की नई व्यवस्था की गई है। इससे एक समय में 5 हजार वीजा और तीन साल तक ठहरने की अनुमति होगी। आयुष चिकित्सक, योग प्रशिक्षक, भारतीय शेफ, संगीत शिक्षक के साथ ही आईटी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर, शिक्षा-निर्माण जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्र शामिल हैं। टैरिफ में कटौती के अलावा एफटीए में नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करने के लिए बेहतर नियामक सहयोग, पारदर्शिता, सरल कस्टम प्रक्रियाएं, एसपीएस उपाय और व्यापार से जुड़ी तकनीकी बाधाओं से संबंधित प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। ताकि निर्यातकों को वास्तविक और प्रभावी बाजार पहुंच मिल सके।

**5 सालों में हुए 7 एफटीए:** गोयल ने एक्स पोस्ट में बताया कि न्यूजीलैंड के साथ हुआ एफटीए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते पांच वर्षों में हुआ सातवां एफटीए है। 2021 में भारत और मॉरीशस के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग भागीदारी समझौता (सीईसीपीए) हुआ था। इसके अगले साल 2022 में भारत-यूएई के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (सीईपीए) हुआ। 2022 में ही भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच एफटीए हुआ। 2024 में भारत-ईएफटीए के बीच समझौता हुआ। जबकि मौजूदा साल 2025 में भारत-ब्रिटेन, भारत-ओमान के बाद अब भारत-न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता हुआ है।

**दुनिया में तेजी से व्यापार करता भारत:** अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि तेजी से संरक्षणवादी होते जा रहे विश्व में भारत अधिक व्यापार कर रहा है और मुक्त व्यापार समझौते संपन्न कर रहा है। जिसकी वजह से निर्यात में वृद्धि हो रही है और हमारे किसानों, व्यापारियों, निर्यातकों और लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए समृद्धि आ रही है।

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी रहे मौजूद

# सीएम नीतीश ने पीएम मोदी से की भेंट, बिहार के विकास एजेंडे पर हुई चर्चा, शाह से भी मिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मुख्यमंत्री के साथ थे।

नीतीश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार इन मुलाकातों के दौरान बिहार के विकास एजेंडे, आंध्र प्रदेश को मिल रही मदद की तरह ही बिहार के लिए कुछ विशेष मदद, केंद्र-राज्य समन्वय और राजनीतिक स्थिरता जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद यह मुख्यमंत्री का पहला औपचारिक दिल्ली दौरा था। माना जा रहा है कि यह मुलाकात आने वाले समय में कुछ बड़ी योजनाओं की मंजूरी और केंद्रीय फंडिंग को आसान बना सकती है। केंद्र और राज्य के संबंधों को नई ऊर्जा दे सकती है। विकास योजनाओं को गति, वित्तीय सहयोग को मजबूती और राजनीतिक समन्वय के स्तर पर भी दूरगामी असर दिख सकता है। मोदी-नीतीश की मुलाकात को बिहार के लिए इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि चुनाव घोषणा पत्र के वादे पूरे करने के लिए बिहार सरकार को केंद्र से बड़ी वित्तीय मदद की दरकरार है। प्रधानमंत्री के साथ करीब आधा घंटा की बैठक में नीतीश ने बिहार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मुख्य फोकस राज्य में निवेश और रोजगार बढ़ाने, बुनियादी ढांचे को तेजी से मजबूत करने, केंद्रीय सहायता से चल रही योजनाओं को गति देने और नई विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय मदद पर था। नीतीश ने प्रधानमंत्री मोदी को बिहार के सात निश्चय-3 के तहत प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी और इनके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक संसाधनों पर विमर्श किया। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद नीतीश ने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। इस दौरान राज्य के प्रशासनिक एवं राजनीतिक पहलुओं पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बातचीत में मंत्रिमंडल विस्तार की रणनीति के साथ केंद्र-राज्य के बीच बेहतर समन्वय पर भी विचार किया गया। दोनों बैठक के दौरान बिहार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार, केंद्र और राज्य के बीच समन्वय को और मजबूत करने, विकास योजनाओं को गति देने तथा कानून-व्यवस्था और सुशासन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

# कोडीन केस में बुलडोजर एक्शन की तैयारी कहा-फातिहा पढ़ने के लायक

## विधानसभा में समाजवादी पार्टी पर जमकर बरसे सीएम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोडीन सिरप घोटाले और 'वंदे मातरम' को लेकर विपक्षी दलों को घेरा। उन्होंने सबूतों के साथ दावा किया कि सिरप तस्करी के मुख्य आरोपियों के तार समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। बकौल सीएम- जो भी अपराधी होगा, बचने नहीं पाएगा। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर इतिहास में तुष्टीकरण की राजनीति शुरू करने का आरोप लगाया।

सीएम ने बताया कि यूपी पुलिस और एसटीएफ ने एक हजार से अधिक नमूने लेकर कड़ी कार्रवाई की है और इन आरोपियों को सपा सरकार के समय ही लाइसेंस मिले थे। संबोधन के दौरान उन्होंने कांग्रेस द्वारा 'वंदे मातरम' के अंश हटाने को तुष्टीकरण की पहली आधिकारिक मिसाल बताया और विरोध करने वालों से माफी की मांग की।

### *सच कड़वा होता है, गुमराह करना छोड़ें*



सपा पर तीखा प्रहार करते हुए सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष को गुमराह करना बंद करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभोर राणा जैसे लोगों को सपा सरकार ने 2016 में लाइसेंस जारी किए थे, जबकि वर्तमान सरकार उन पर कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास केवल तथ्य नहीं बल्कि एक चेतावनी है और नई पीढ़ी को सच जानने का अधिकार है। उन्होंने मांग की कि जो लोग आज भी वंदे मातरम का बहिष्कार कर रहे हैं, उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

### कोडीन सिंडिकेट और सपा का कनेक्शन

सीएम योगी ने सदन में अमित यादव की फोटो दिखाते हुए पूछा कि क्या वह वाराणसी कैंट से सपा का प्रत्याशी नहीं था? उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के पैसों से अमित यादव ने 2024 में दुबई की यात्रा की थी। उन्होंने मनोज यादव, राजीव यादव और मुकेश यादव जैसे नामों का जिक्र करते हुए कहा कि ये सभी फर्जी फर्म बनाकर अवैध कारोबार में शामिल हैं।

### तुष्टीकरण के इतिहास पर प्रहार

सीएम ने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि 1937 में लखनऊ से ही मोहम्मद अली जिन्ना ने 'वंदे मातरम' के खिलाफ नारा बुलंद किया था और पं. नेहरू ने सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखकर मुस्लिम समाज की असहजता की बात कही और 26 अक्टूबर 1937 को कांग्रेस ने इस गीत के अंश हटाने का निर्णय लिया। सीएम के अनुसार, जिसे सद्भाव कहा गया, वह असल में तुष्टीकरण की शुरुआत थी।



## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती पर 'शून्य से शतक' कार्यक्रम

# राष्ट्रनीति के शिखर पुरुष, राजनीति के अजातशत्रु और लोकतंत्र की मर्यादा के प्रतीक थे 'वाजपेयी'

### उपराष्ट्रपति, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने चार विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि अटलजी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और मिशन थे। उनके कर्म, आदर्श और सुशासन की दृष्टि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक प्रकाश हैं। उन्होंने कहा कि स्व. अटल भले हमारे बीच शारीरिक रूप से न हों, लेकिन उनके आदर्श सदैव हमारे हृदयों में जीवित रहेंगे और राष्ट्र को दिशा देते रहेंगे।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन रविवार को इंदौर में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अटल जी का जीवन ऐसे ग्रंथ की भांति था, जिसका प्रत्येक पृष्ठ नैतिकता, उत्कृष्टता और राष्ट्रधर्म की राह दिखाता है। अटल जी केवल राजनेता नहीं थे, बल्कि वे कवि, चिंतक, अद्भुत नेतृत्व गुणों से संपन्न, विनम्र, संवेदनशील और स्वाभिमानी राष्ट्रभक्त थे।

#### मां अहिल्या की पावन धरती पर आकर उन्हें विशेष प्रसन्नता

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि मां अहिल्या की पावन धरती पर आकर उन्हें विशेष प्रसन्नता है। उन्होंने अटल फाउंडेशन के मंच से स्व. अटल के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. अटल जी संवाद, समावेशी विकास और मानवीय सुशासन में विश्वास रखते थे। सांसद, कवि और प्रधानमंत्री-हर भूमिका में उन्होंने सार्वजनिक विमर्श को गरिमा दी और सिद्ध किया कि राजनीति सिद्धांतनिष्ठ और करुणामय हो सकती है।


उपराष्ट्रपति ने कवि सत्यनारायण सत्तन को सम्मानित किया।

#### नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक पवित्र पद का धारण किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी का लगातार 50 वर्ष तक विपक्षी नेता के रूप में बोलते रहना आज के युग में कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात होगी। विशेष रूप से उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक पवित्र पद का धारण किया था। जब-जब देश को आवश्यकता पड़ी चाहे किसी काल में कोई विशेष अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा हो, उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। जब भी वे विदेश गए भारत माता को सदैव गौरवान्वित किया। लोकतंत्र को पूरे आनंद के साथ अनुभव

#### दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अटलजी का जीवन विचारों की दृढ़ता, राष्ट्रधर्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व ऐसा था जिसने हर काल और हर युग में भारतीय राजनीति को दिशा दी। उनकी राजनीतिक यात्रा भारतीय लोकतंत्र की प्रेरक गाथा है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर इंदौर में 'शून्य से शतक' कार्यक्रम का गरिमामय रूप से आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में देश के उपराष्ट्रपति, राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चार प्रतिष्ठित विद्वानों को 'अटल अलंकरण' से अलंकृत किया। इनमें सत्यनारायण सत्तन (प्रसिद्ध कवि), सत्यनारायण जटिया (पूर्व केंद्रीय मंत्री), संजय जगदाले (भारतीय क्रिकेट टीम चयन समिति के पूर्व चयनकर्ता) तथा पारंग शुक्ला (सागर) शामिल हैं।*

#### राजनीति के अजातशत्रु, विचारों की दृढ़ता रखते हुए वे भारतीय मर्यादा के प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजनीति के शिखर पुरूष, राजनीति के अजातशत्रु और विचारों की दृढ़ता रखते हुए वे भारतीय मर्यादा के प्रतीक बने। भारत रत्न श्री अटल वाजपेयी जी को हमारे बीच के कई लोगों ने देखा भी है। वास्तव में वे एक ऐसा व्यक्तित्व थे, जिसने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में अपनी हर एक जगह महत्ता स्थापित की। प्रारंभ में अटल जी की संघ के एक प्रचारक के रूप में पहचान बनी थी।

#### युगपुरुष थे अटल जी : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि अटल जी ऐसे व्यक्तित्व रहे, जिन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षण में देश को गौरवान्वित करने के कार्य किए। भारतीय राजनीति में अटल जी एक युगपुरुष के समान रहे हैं। प्रधानमंत्री रहते हुए देश को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाने की उनकी दूरदृष्टि अद्वितीय रही है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **नीरज, पुत्रः राधे श्याम, निवासीः चाट पूजा पार्क सुल्तानपुरी अंडरपास के पास, एचजीआई लेबर कॉलोनी सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.134/2020 U/S 33/38 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **नीरज** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **नीरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.134/2020 U/S 33/38 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, थाना राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **अंकुर** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 30.01.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर–पश्चिम, कमरा संख्या 107, प्रथम मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16843/OD/2025
(अदालती मामला)


विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

# चुनाव सुधार चर्चा पर कांग्रेस का विधानसभा से वॉकआउट

- *सीएम सैनी बोले कांग्रेस लगातार वोट चोरी का आरोप लगा रही*
- *अब हम चर्चा कर रहे तो वह भाग रहे*
- *चुनाव में हारने के बाद आयोग पर उठाते हैं सवाल*
- *महिपाल ढांडा बोले, सड़कों पर उतरकर हरियाणा को बदनाम करते हैं।*




#### कांग्रेस किसी प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तैयार नहीं : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है, जबकि इनके शासनकाल में कैसे वोट चोरी होती थी। इनके समय में बंडल के ऊपर बंडल रख दिया जाता था। मैं सदन और प्रदेश की जनता से अपील करूंगा कि वे इस पूरे मामले में सच और झूठ का फैसला करें। सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पर शेर पढ़ते हुए कहा, 'संविधान पर झूठी उंगली उठाकर क्या पाओगे, अपनी नाकामी का बोझ कितनी देर और ढोओगे।

#### जनहित के मुद्दों से भागती नजर आई भाजपा : हुड्डा

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने किसान, बेरोजगार युवा, भर्ती घोटाले, एमएसपी, धान घोटाला, मनरेगा, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, खिलाड़ियों की मौत, एसवाईएल, चंडीगढ़ तथा हेट स्पीच समेत हरियाणा के हक से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने के लिए प्रस्ताव दिए थे, लेकिन सरकार ने एक का भी जवाब नहीं दिया। सदन को गुमराह करते हुए विपक्ष को मूकदर्शक बनाने की बार बार कोशिश की गई।



योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा में शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन सोमवार को इलेक्टोरल रिफॉर्म (चुनाव सुधार) पर चर्चा के दौरान जमकर बवाल मचा। पक्ष-विपक्ष में तीखी नोकझोंक हुई। भाजपा विधायक रामकुमार कश्यप ने सदन में प्रस्ताव को पेश किया। इस पर कांग्रेस विधायकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि ये सड़कों पर उतरकर हरियाणा और हरियाणा की सरकार को बदनाम करते हैं। इस पर हुड्डा ने कहा कि ये ऐसी उंगली दिखाकर बात करते हैं, ये कोई तरीका है। हंगामे को देखते हुए स्पीकर ने 15 मिनट के लिए सदन स्थगित भी किया। कार्यवाही शुरू होने के बाद भी कांग्रेस का हंगामा जारी रहा। कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट करते हुए मंत्री विपुल गोयल पर गाली देने का आरोप लगाया। विधायक वेल तक पहुंच गए। इस पर मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मैंने अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं किया है।

- विधायक वेल तक पहुंच गए, तीन दिन में 16 बिल हुए पेश

#### चर्चा के लिए तीन प्रस्ताव आए

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इस तीन दिन के सेशन में 16 बिल पेश किए गए हैं। ये कई विभागों से जुड़े हुए हैं। इन विधेयकों में जनहित को सर्वोपरि रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा-हाउस के अंदर तीन चर्चा प्रस्ताव आए, पहला वंदेमातरम्, दूसरा अविश्वास प्रस्ताव और आज इलेक्टोरल रिफॉर्म, लेकिन कांग्रेस ने तीनों पर चर्चा से इनकार कर दिया। इसके बाद स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

#### पूर्व विधायकों को मिलेगा 10000 यात्रा भत्ता

लंच के बाद हरियाणा विधानसभा (वेतन, भत्ता और पेंशन) संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया गया। इसके माध्यम से राज्य के 550 पूर्व विधायकों को आर्थिक सहायता मिलेगी, क्योंकि इसमें मासिक पेंशन, महंगाई राहत और विशेष यात्रा भत्ते पर लगी 1 लाख रुपए की सीमा को खत्म करने का प्रस्ताव है। इसके तहत पूर्व विधायकों को यात्रा भत्ते के रूप में 10 हजार प्रति माह तक मिलेंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस प्रस्ताव को सदन में रखा, जो सर्वसम्मति से पारित हो गया।

#### ये विधेयक हुए पारित

- **हरियाणा दुकानात वाणिज्यिक संशोधन विधेयक**
  हरियाणा दुकानात वाणिज्यिक संशोधन विधेयक पर चर्चा के बाद श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि ये 1958 में श्रमिकों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए बनाया गया है।
- **आबादी देह संशोधक विधेयक**
  शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने आबादी देह संशोधक विधेयक, 2025 पेश किया गया। सीएम नायब सैनी ने कहा कि ये विधेयक बहुत जरूरी है। इससे सीधे तौर पर 25 लाख लोग लाभान्वित होंगे।
- **निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025**
  शिक्षा मंत्री ढांडा ने निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 पेश किया। इस संशोधित विधेयक के साथ राज्य के उन 26 निजी विश्वविद्यालयों की सूची भी संलग्न है, जिनमें प्रशासक नियुक्त किए जाने का प्रावधान है।

#### मनरेगा का नाम बदलने का कांग्रेस ने किया विरोध



**भोपाल।** मनरेगा का नाम बदलने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ रविवार को भोपाल कांग्रेस कमेटी ने मिंटो हॉल में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में भोपाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी धनोपिया सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। विरोध जताते हुए भोपाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बदलना यानि सीधे उनके सम्मान को आघात पहुंचाना है।

#### महाकाल विद्वत परिषद् ने सीएम को लिखा पत्र

**भोपाल।** महाकाल विद्वत परिषद् उज्जैन द्वारा नगर के विद्वानों को पत्र भेजकर राजा भर्तहरी के इतिहास,संस्कृति और पुरातत्व के सन्दर्भ में विस्तार से जानकारी मांगी है, साथ ही भर्तहरी गुफा पर कॉरिडोर बनाने और ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर का सरकारीकरण करने महाकाल विद्वत परिषद का मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ की विद्वत परिषद् के राष्ट्रीय प्रमुख आशीष अग्निहोत्री ने बताया, राजा भर्तहरी,विक्रमादित्य के बड़े भाई हैं, इसलिए यह संपदा राज घराने से संबंध रखती है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ओम प्रकाश पुत्र** स्व0 तेज बहादुर सिंह, **निवासीः** क्वार्टर–29, ब्लॉक सी–1, रेलवे क्वार्टर जंगपुरा–बी, दिल्ली, ने **FIR No. 259/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण–पूर्वी जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 259/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, पुलिस स्टेशन हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण–पूर्वी जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.01.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री मनुज कौशल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं0–512, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/17049/SE/2025
(Court Matter)



## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/डीजल, उत्तर रेलवे, डीजल लोको शेड, तुगलकाबाद के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा केवल निर्धारित निविदा दस्तावेज में ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य विवरण | "डीजल लोको शेड तुगलकाबाद में इलेक्ट्रिक इंजनों की छत पर लगे इलेक्ट्रिक लोको कैब ए.सी. का 02 वर्षों के लिए ए.एम.सी" |
| काम की जगह | डीजल शेड तुगलकाबाद, नई दिल्ली–110044 |
| समापन की अवधि | 2 साल |
| अनुमानित लागत राशि | रुपये 64,83,583.35/- जीएसटी सहित (रु. चौसठ लाख तिरासी हजार पांच सौ तिरासी और पैंतीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि | रुपये 1,29,700/– (रूपये एक लाख उन्नतीस हजार सात सौ मात्र) |
| तकनिकी योग्यता मापदंड | तकनिकी योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| वित्तीय योग्यता मापदंड | वित्तीय योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| कार्य की समान प्रकृति | भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक लोको/डीजल लोको/ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू के लिए कैब एयर कंडीशनिंग सिस्टम या एसी कोच/मेट्रो कोच/ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू के लिए रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट और उसके कंट्रोल पैनल का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **या** भारतीय रेलवे में इलेक्ट्रिक लोको/डीजल लोको/ईएमयू/एमईएमयू /डीईएमयू के लिए कैब एयर कंडीशनिंग सिस्टम या एसी कोच/मेट्रो कोच/ईएमयू/ एमईएमयू / डीईएमयू के लिए रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट और उसके कंट्रोल पैनल का एएमसी/सीएएमसी/मरम्मत/सर्विसिंग/पुनर्वास। **या** सरकारी संगठनों के लिए सेंट्रलाइज्ड एसी प्लांट/हीटिंग वेंटिलेशन एंड एयर कंडीशनिंग सिस्टम (एचवीएसी)/चिलर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग या मरम्मत या री–कंडीशनिंग या एएमसी। |
| ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने व अपलोड करने की वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 12.01.2026 को 12:00 बजे तक। |
| ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | 12.01.2026 को 12:00 बजे के बाद। |
| निविदा की वैधता | निविदा खुलने से 60 दिन |
| विनिधान | 05-0511-32 |

निविदा प्रपत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। विस्तृत कार्य विवरण, कार्य अनुभव और नियम व शर्तों के लिए कृपया निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें। **निविदा सूचना सं. – डी.एस.एल.–टी.के.डी– इलेक्ट.–एच.वी.ए.सी–ओ.टी.–2025 दिनांक 20.12.2025** **3958/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय खन्ना, पुत्र स्वर्गीय श्री राजिंदर कुमार खन्ना, निवासी सी-603, प्रिंस अपार्टमेंट, आईपी एक्सटेंशन, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 192/2023 भा.द.सं. की धारा 420/406/34 के तहत, थाना मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अजय खन्ना** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अजय खन्ना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 192/2023 भा.द.सं. की धारा 420/406/34 के तहत, थाना मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय खन्ना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **31.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री उद्भान कुमार जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04, कमरा नं.13, दूसरी मंजिल
शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/17145/ED/2025


कार्यक्रम में खासतौर से पहुंचे केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा

# सरकार के दो साल होने पर मनाया 'जनादेश परब'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जिले के पुलिस ग्राउंड में 'जनादेश परब' छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के दो साल निरंतर सेवा निरंतर विकास को लेकर भव्य सभा का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने जिला प्रशासन के द्वारा लगाए गए सभी विकास कार्यों की स्टॉल का निरीक्षण किया गया। मंच पर जेपी नड्डा का माला से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्री मंडल ने स्वागत किया। पीएम आवास के हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया।

#### छग की जनता का आभारः सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं, भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद देकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लेकर सरकार को बैठाया है।

छत्तीसगढ़ के जांजगीर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने नक्सलियों के साथ साठगांठ की थी।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**मु.न. 392 दिनांक 01.12.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना मुरथल जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- सुरेश।
पिता का नाम - चन्दरुप सिंह।
पता- वासी गांव शाहपुर तुर्क जिला सोनीपत।
उम्र - 56 वर्ष।
कद- 5 फुट 8 इन्च।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले-सफेद बाल, काली आंखे, बांया हाथ कटा हुआ हैं।
पहनावा - सफेद रंग का कुर्ता पजामा व पैरो में चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 24.10.2025 को सुरेश पुत्र चन्दरुप सिंह वासी गांव शाहपुर तुर्क जिला सोनीपत हरियाणा, बिना किसी को कुछ बताए घर से कही चला गया हैं। अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

**प्रबन्धक थाना - 7419410540**
**अनुसंधानकर्ता मो. न. - 9050578095**
**कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/4258/2026/41378/88/7 दि. 22.12.2025


#### दस्तावेजों में मृतक शख्स हकीकत में जिंदा निकला

**जशपुर।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र से सामने आया यह मामला अब पुलिस जांच, न्यायिक प्रक्रिया और सिस्टम - तीनों के लिए एक सनसनीखेज पहेली बन गया है। जिस युवक सीमित खाखा (30) को पुलिस रिकॉर्ड में मृत घोषित कर उसकी हत्या का खुलासा किया जा चुका था। वही युवक शनिवार रात अचानक जिंदा हालत में सिटी कोतवाली थाना पहुंच गया। पुलिस से कहा कि 'साहब, मैं जिंदा हूं' मेरी हत्या नहीं हुई है। सीमित को सामने खड़ा देख पुलिस अधिकारी, परिजन और ग्रामीणों के होश उड़ गए। हत्या, गिरफ्तारी, कबूलनामा और जेल सब कुछ एक पल में सवालों के घेरे में आ गया। 22 अक्टूबर को पुरनानगर- बालाछापर के बीच तुरीटोंगरी जंगल में एक युवक की अधजली लाश मिली थी। शव एक गड्ढे में पड़ा था, चेहरा और शरीर का अधिकांश हिस्सा जला हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में इन्द्री गढी बीरबल रोड (रोड आईडी 7197) (ओडीआर) पर नये आरसीसी स्लैब टाइप कल्वर्ट का निर्माण। | 19.12.2025 25.12.2025 | 7.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | आरडी 163.25 से 189.30 कि.मी. (आईडी 6917) तक कैथल जिले में असंध राजौंद कैथल पटियाला रोड (एसएच-11) की विशेष मरम्मत (कस्बा राजौंद में 4 लेन भाग के सेंट्रल वर्ज पर स्ट्रीट लाइट का प्रावधान)। | 20.12.2025 27.12.2025 | 34.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक में ज्यूडीशियल कोर्ट में दो अदद न्यायालय कमरों को बनाना (ईआई का प्रावधान केवल)। | 19.12.2025 24.12.2025 | 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सोनीपत | आबकारी एवं कराधान जिला मुख्यालय कार्यालय सेक्टर-12 सोनीपत में फर्नीचर की आपूर्ति और फिक्सिंग (एचईडब्ल्यू पोर्टल के माध्यम से) जीएसटी को छोड़कर। | 18.12.2025 29.12.2025 | 312.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | कि.मी. 0.000 से 1.700 तक सियाना माइनर की आंतरिक सफाई + 4 कार्य। | 19.12.2025 26.12.2025 | 3.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 0 से 45000 तक खचरोली माइनर की आंतरिक सफाई + 2 कार्य। | 19.12.2025 26.12.2025 | 11.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा (पी-1) : सिरसा कस्बा जिला सिरसा में आंतरिक वितरण पाइप लाइंस बिछाकर और बूस्टिंग स्टेशन, अतिरिक्त संरचनाओं का निर्माण करके जलापूर्ति योजना सिरसा कस्बा का संवर्धन (अमरूत-2 के तहत) "मौजूदा प्रथम जलघर पर 4.50 एमएलडी डब्ल्यूटीपी, कच्चा जल पम्पिंग स्टेशन और बूस्टिंग स्टेशनों समेत ब्रिक लाइंड एस/एस टैंक, बैलेंसिंग कैपेसिटी रिजर्वेयर, इनलेट पाइप, स्वच्छ जल टैंक्स, पम्प चेम्बर, चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी, डी.जी. सैट, विद्युत ट्रांसफॉर्मर, गैस क्लोरीनेटर, राइजिंग मेन लाइंस का निर्माण, एफएचटीसी और वितरण पाइप लाइंस इत्यादि बिछाना तथा 3 माह ट्रायल रन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात 12 माह की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान और उसके पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण 5 वर्ष के लिए ओ एवं एम।" + 1 कार्य। | 19.12.2025 15.01.2026 | 6350.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव अटाली ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में वेस्ट वाटर (जीडब्ल्यूएम) की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स का निर्माण + 8 कार्य। | 18.12.2025 26.12.2025 | 311.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0-9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज फरीदाबाद | खबरा - खेड़ी माइनर मोगा नं. 54100 आर से जीएसएसएस (भट्टू कलां) तक आरसीसी पाइप लाइन का निर्माण, वीएएनजीवाई + 7 कार्य। | 19.12.2025 25.12.2025 | 257.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/220/41363/I/88/7 दि. 22.12.25

## चिंतन

# सभी को नए अवसर देगी न्यूजीलैंड से फ्री ट्रेड डील

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कारोबारियों से लेकर किसानों और छोटे उद्यमियों यानी एमएसएमई तक को लाभ पहुंचाएगा। इससे दोनों देशों के बीच ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और सांझा अवसर बढ़ेंगे। इस नई ट्रेड डील के तहत न्यूजीलैंड से भारत में आने वाले करीब 95 फीसदी उत्पादों पर लगने वाले आयात शुल्क को या तो हटा दिया जाएगा या बहुत कम कर दिया जाएगा, जिससे व्यापार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। दोनों देशों का लक्ष्य अगले 5 सालों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिर और दीर्घकालिक वृद्धि मिल सकेगी। वहीं, न्यूजीलैंड ने भारत में निवेश बढ़ाने का भरोसा जताया है। न्यूजीलैंड अगले 15 वर्ष में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा, इससे स्थानीय उद्योगों और रोजगार के अवसरों को बल मिलेगा। यह व्यापार समझौता मार्च 2025 में तब शुरू हुआ जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत आए थे। दोनों देशों ने इस समझौते को अपने आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। अब उम्मीद की जा रही है कि यह समझौता आर्थिक जुड़ाव को और बढ़ाएगा, बाजारों तक पहुंच आसान करेगा, निवेश को बढ़ावा देगा और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। इससे नए आविष्कार करने वालों, कारोबारियों, किसानों, छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कई सेक्टर में अवसर पैदा होंगे। साथ ही छात्रों और युवाओं को भी मौके मिलेंगे। यह डील लागू होने के बाद न्यूजीलैंड को भारतीय सामानों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। यह करार मजदूरों, कारीगरों, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे व्यवसायों और युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही कपड़ा, ऊन, परिधान, चमड़ा और जूते जैसे उद्योगों को मौके देगा। इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, प्लास्टिक, दवाइयां और रसायन जैसे उत्पादन से जुड़े उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। इस डील का मॉडल यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) जैसा ही होगा। इस प्रस्तावित निवेश से मेन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाएं, इनोवेशन और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के निवेश परिदृश्य को बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। यह समझौता खेती-किसानी पर भी खास ध्यान देता है। भारतीय किसानों को न्यूजीलैंड के बाजार में फल, सब्जियां, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड जैसे उत्पादों को बेचने के बेहतर मौके मिलेंगे। 'एग्रीकल्चरल प्रोडक्टिविटी पार्टनरशिप' (कृषि उत्पादकता साझेदारी), 'सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस' (उत्कृष्टता केंद्र) और न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीकों तक पहुंच जैसी पहलों से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी, गुणवत्ता सुधरेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत-न्यूजीलैंड के बीच माल का व्यापार 1.3 अरब डॉलर था। वहीं, 2024 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर था, जिसमें अकेले सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर था। बता दें कि पिछले 5 साल में भारत की यह 7वीं फ्री ट्रेड डील है। इससे पहले 2021 में मॉरीशस, 2022 में ऑस्ट्रेलिया, 2022 में यूएई, 2024-25 में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), 2025 में ब्रिटेन व ओमान व अब न्यूजीलैंड के साथ डील हुई है। इससे भारत की ग्लोबल ट्रेड पार्टनरशिप मजबूत हुई है और देश के विकास को और बेहतर मौके मिलेंगे।



योजना

डॉ. अश्विनी महाजन

संसद में मनरेगा को विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी–जी राम जी) के नाम से पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है। आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है?

# समय की जरूरत रोजगार गारंटी कानून

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, एक अधिकार-आधारित योजना है, जिसे 2005 में अधिनियमित किया गया और फरवरी 2006 से लागू किया। इस अधिनियम के तहत, किसी भी ग्रामीण परिवार का 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का वयस्क सदस्य काम के लिए आवेदन कर सकता है। सरकार पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 100 दिनों तक कार्य देने की बाध्यता है और यदि लिखित या मौखिक मांग के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता, तो राज्य को बेरोजगारी भत्ता देना होता है। दुनिया भर में कहीं भी ऐसी रोजगार के अधिकार की कोई योजना नहीं है।

सूखा, कृषि संकट और कोविड-19 जैसे झटकों के समय इसने आर्थिक सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई, जब लाखों प्रवासी श्रमिक गांव लौट आए और इसी योजना पर निर्भर रहे। इस योजना में कुछ बड़े बदलाव प्रस्तावित करते हुए संसद में विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी-जी राम जी) पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है।

आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है? 2005 में बनाए गए इस अधिनियम के पीछे सोच यह थी कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेरोजगारी के कारण गरीबी से बचाने के लिए उन्हें आमदनी की गारंटी हो, लेकिन इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्यों जैसे जल संरक्षण परियोजनाएं, सिंचाई नहरें, ग्रामीण सड़कें, बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं और भूमि विकास से जुड़े कार्य भी किए जा सकें। इस योजना में वित्तीयन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी।

समझना होगा कि यह योजना रोजगार की मांग से चलती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सालों में जहां इस योजना में मजदूरी की दर बढ़ाकर उसे आकर्षक बनाया गया है, लेकिन रोजगार के लिए पंजीकृत करने हेतु दिवसों में भारी कमी आई है। इसका अभिप्राय है कि ग्रामीण लोगों को अन्य स्त्रोतों से अतिरिक्त रोजगार मिलने लगा है जो मनरेगा से अच्छा है। 2005 से अभी तक देश में बहुत बदलाव आ चुका है, ऐसे में सरकार का मानना है कि मनरेगा कानून में भी आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। हालांकि विधेयक में मनरेगा में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिन तक और वनवासी क्षेत्रों में तो 150 दिनों तक रोजगार देने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब उसका वित्तीयन अकेले केंद्र सरकार नहीं बल्कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का दायित्व होगा। गौरतलब है कि 2005 केंद्रीय राजस्व में राज्य सरकारों का हिस्सा मात्र 32 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो चुका है। 14वें वित्त आयोग ने राज्यों के हिस्से को यही कहकर बढ़ाया था ताकि वे योजना का भार वहन कर सकें। लेकिन नरेगा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जो पहले ही बन चुका था, उसमें राज्यों पर इसका भार नहीं



डाला जा सकता था। हालांकि, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (नरेगा) 2005 में पास हुआ था और इसे 2006 में लागू किया गया। 2009 में तब की यूपीए की सरकार ने इसका नामकरण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया था, और अब जब इस योजना का नया रूप संसद ने प्रस्तावित किया है और नाम में बदलाव होना भी स्वाभाविक था, जो इत्तेफाक से भगवान राम के नाम से मिलता-जुलता है। इसी बात का विपक्ष विरोध कर रहा है।

मनरेगा का उद्देश्य बेरोजगारी के दिनों में आय-सुरक्षा देना था, परंतु यदि कृषि मौसम में श्रमिक मनरेगा की ओर आकर्षित रहते थे। ऐसे में खेतों में श्रमिकों की कमी के चलते मजदूरी लागत बढ़ जाती है, जिससे किसान की लागत में वृद्धि हो जाती है और खेती की प्रतिस्पर्धात्मकता घटती है। इस नए विधेयक में इस समस्या का समाधान निकाला गया है और रोजगार गारंटी कार्यक्रम में खेती के लिए आवश्यक 60 दिनों में इस कार्यक्रम को स्थगित रखने का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही अब इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यों में भी समय के साथ बदलाव करते हुए अब उसमें आज की आवश्यकता के अनुरूप, जल सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजी-रोटी से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर और खराब मौसम की घटनाओं को कम करने को शामिल करने के साथ-साथ, इन योजना को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के साथ भी जोड़ा गया है।

मनरेगा का सबसे बड़ा दोष यह था कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसमें भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा था। ग्राम पंचायत और खंड स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण बड़ी मात्रा में सरकारी धन की लूट हो रही थी, ऐसी कई योजनाएं ध्यान में आती थी जिसमें है कागजों पर ही तमाम निर्माण हो जाते थे, जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं होता था। नए अधिनियम में भ्रष्टाचार को बाहर रखने के लिए प्रावधान रखा गया है कि नई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का प्रावधान है, जिसमें लेन-देन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, योजना निर्माण एवं निगरानी के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) प्रौद्योगिकी, वास्तविक समय में निगरानी के लिए मोबाइल एप्लिकेशन-आधारित डैशबोर्ड तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणाली को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उसमें भ्रष्टाचार पर बड़ा अंकुश लगाया गया है, उसी तर्ज पर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए रोजगार गारंटी योजना में भी भ्रष्टाचार को रोका जा सकेगा।

देश में कई विशेषज्ञों द्वारा मनरेगा का विरोध इस लंबे व्यू से हो रहा था कि इसके चलते कृषि और उद्योग क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो रही है, हालांकि कृषि में तो श्रमिकों की कमी की समस्या को कुछ हद तक नए अधिनियम में हल करने का प्रयास हुआ है, लेकिन मनरेगा के कारण उद्योगों और कृषि की सहायक गतिविधियों हेतु श्रमिकों की कमी के समाधान का की समस्या के समाधान का भी प्रयास करना जरूरी था। विपक्ष संसद में नामकरण जैसे गैर जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाए यदि नए अधिनियम में देश की आवश्यकता के अनुरूप प्रावधान शामिल कराने हेतु बहस करता तो मनरेगा के इस नए अवतार में कुछ और सुधार भी शामिल किए जा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

बलिदान दिवस

आचार्य दीपचन्द भारद्वाज



# त्याग की प्रतिमूर्ति निर्भीक संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद

स्वामी श्रद्धानंद का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित था। इनका पूर्व नाम मुंशीराम था। 1879 में एक बार बरेली में स्वामी दयानंद सरस्वती का प्रवचन हुआ। मुंशी राम के पिताजी ने इनको भी स्वामी दयानंद के उस कार्यक्रम में जाने के लिए कहा। मुंशी राम का जीवन स्वामी दयानंद के प्रवचनों तर्कों एवं सैद्धांतिक विचारधारा से बहुत प्रभावित हुआ। स्वामी दयानंद के उपदेशों ने नास्तिक मुंशीराम को आस्तिक बना दिया। अपने जीवन में व्याप्त समस्त व्यसनों का परित्याग करके वर्ष 1884 में मुंशी राम जी आर्य समाज लाहौर के सदस्य बने। स्वामी दयानंद के वैदिक ज्ञान से प्रभावित होकर इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित किया। 1902 में इन्होंने गुरुकुल कांगड़ी जैसी महान संस्था की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानंद जी ने समाज के उत्थान के लिए तथा अपनी वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी नामक ऐतिहासिक संस्था की नींव रखी।

इस संस्था के माध्यम से इस निर्भीक संन्यासी ने मैकाले की शिक्षा पद्धति को चुनौती देने का कार्य किया जो उस समय पूर्णरूपेण असंभव था। सर्वप्रथम कन्याओं की शिक्षा के लिए विद्यालय खोला तथा सबसे पहले अपने बच्चों को गुरुकुल प्रणाली की शिक्षा हेतु तैयार किया। इसी गुरुकुल कांगड़ी से अनेक विद्वान, राष्ट्रभक्त, बलिदानी तैयार हुए। कल्याण मार्ग के पथिक महात्मा मुंशीराम ने त्याग के महान आदर्श का अनुसरण करते हुए अपनी जालंधर वाली कोठी तथा संपूर्ण संपत्ति आर्य समाज को दान कर दी। वर्ष 1917 में महात्मा मुंशीराम ने संन्यास ग्रहण किया तथा अपना नाम श्रद्धानंद रखा। ईश्वर में इनकी अगाध श्रद्धा थी, इसलिए इन्होंने अपना यह नाम रखवाया। 1919 में जब दिल्ली में कांग्रेस की सभाओं और जलसों को पूर्ण रूप से बंद करने का अंग्रेज सरकार ने आदेश जारी किया तब स्वामी श्रद्धानंद ने चांदनी चौक टाउन हॉल के सामने आंदोलन करते हुए उन्होंने अंग्रेजी सेना के सामने सीना खोलकर गोली चलाने की चुनौती दी थी। इस निडर संन्यासी के सामने उस समय अंग्रेजों को भी नतमस्तक होना पड़ा था। जलियांवाला बाग की दमनकारी तथा क्रूर घटना के बाद पूरे पंजाब मे भय और आतंक का माहौल था, ऐसे डरावने माहौल में कोई भी कांग्रेस का नाम लेने वाला नहीं था तब इन्हीं स्वामी श्रद्धानंद ने अपने दृढ़ संकल्प के बल पर कांग्रेस का अमृतसर में अधिवेशन संपन्न करवाया। गुरुकुल कांगड़ी का प्रबंध आचार्य रामदेव को सौंप कर स्वामी श्रद्धानंद दिल्ली पहुंचे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया। 1922 में जब सिखों ने गुरु का बाग का सत्याग्रह शुरू किया तो अंग्रेजों ने इसे दबाने का प्रयास किया। स्वामी श्रद्धानंद को जब पता चला तो वे तुरंत अमृतसर पहुंचे और इस सत्याग्रह का संचालन अपने हाथ में लिया। स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धि आंदोलन प्रारंभ करके मुस्लिमों के भय से धर्म परिवर्तन करने वालों को पुनः अपने धर्म में शुद्धिकरण के माध्यम से प्रवेश करवाया। सर्वप्रथम आगरा के मलकाने राजपूतों की स्वधर्म में वापसी करवाकर शुद्धि के इस महान आंदोलन का सूत्रपात किया। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी का नाम आर्य जगत में बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। स्वामी दयानंद के व्रत कथा संकल्प को पूर्ण करने के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने अपने पूरे जीवन को समर्पित कर दिया।

कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति से नाराज होकर स्वामी श्रद्धानंद ने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। शुद्धि आंदोलन के कार्य से कुछ सांप्रदायिक लोग उनसे नाराज हो गए और 23 दिसंबर 1926 को एक मतांध सांप्रदायिक मुस्लिम ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद जीवन पर्यंत राष्ट्र, धर्म, जाति तथा अपने स्वर्णिम वैदिक संस्कृति की रक्षा हेतु प्रयासरत रहे। कल्याण मार्ग के पथिक, अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का यह आदर्शमय तथा त्यागमय जीवन संपूर्ण आर्य जाति के लिए प्रेरणा स्तंभ के समान है। स्वामी श्रद्धानंद का का जीवन पुरुषार्थ और कर्ममय था। देश और आर्य समाज के लिए स्वामी श्रद्धानंद का योगदान और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा और उन्होंने हमेशा डटकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अंतिम क्षणों तक अपने पावन कार्यों के माध्यम से आर्य समाज की सेवा की। श्रद्धानंद जी का संपूर्ण जीवन युवा आर्य शक्ति को नई ऊर्जा, पुरुषार्थ तथा राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित

दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित

प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नागरिक चेतना से बचेगी प्रकृति

पर्यावरण संरक्षण की बहस अक्सर एक सुविधाजनक दिशा में मोड़ दी जाती है–सरकारें नीतियां नहीं बनातीं, मंत्रालय निष्क्रिय हैं, कानून कागजों तक सीमित हैं। यह आलोचना पूरी तरह गलत नहीं है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर पर्यावरण मंत्रालयों का रिकॉर्ड देखें तो विकास परियोजनाओं के सामने प्रकृति अक्सर सबसे पहले बलि चढ़ती दिखती है। जंगलों की कटाई, नदियों का प्रदूषण, ज़हरीली हवा और भूजल का संकट– इन सबके लिए नीतिगत विफलता ज़िम्मेदार है। पर यह अधूरा सच है। पूरा सच यह है कि पर्यावरण संकट की जड़ें हमारी अपनी जीवन–शैली में गहरी धंसी हुई हैं। हमने पर्यावरण को सरकार का विषय मान लिया है, जैसे वह नागरिक जीवन से अलग कोई विभागीय फाइल हो। नागरिक चेतना जरूरी है। – *जिवेश पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### भारतीय मूल के वरदराजन स्टारबक्स के सीटीओ बने

अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी 'स्टारबक्स' ने भारतीय मूल के आनंद वरदराजन को अपना नया कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया है। करीब दो दशकों तक अमेजन में काम कर चुके वरदराजन को दुनियाभर में कॉफीहाउस श्रृंखला के लिए मशहूर इस कंपनी के वैश्विक प्रौद्योगिकी संचालन की कमान सौंपी गई है। स्टारबक्स के अनुसार, वरदराजन 19 जनवरी से पदभार संभालेंगे, कंपनी की कार्यकारी नेतृत्व टीम में शामिल होंगे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन निकोल के मातहत काम करेंगे। वह डेब हॉल लेफेवर का स्थान लेंगे, जो सितंबर में सेवानिवृत्त हुई थीं। अमेजन में अपने लगभग 19 वर्षों के कार्यकाल के दौरान वरदराजन ने बड़े पैमाने पर ग्राहक–केंद्रित प्रौद्योगिकी मंच विकसित किए। हाल के वर्षों में वह अमेजन के 'वर्ल्डवाइड ग्रॉसरी स्टोर' कारोबार के लिए प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी 'ओरेकल' में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में और कई स्टार्टअप के साथ भी काम किया। स्टारबक्स ने कहा कि वरदराजन को सुरक्षित और भरोसेमंद प्रणालियां विकसित करने तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर लागू करने का गहरा अनुभव है, जिसमें ग्राहकों को केंद्र में रखा जाता है।



## ऑफ बीट

### जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द

आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है: ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है: एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल।राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग–अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग–अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।



## ट्रेंड

### सुशासन के लिए कटिबद्ध

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट हुई। नरेंद्र मोदी और नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रदेश में जनकल्याण, विकास और सुशासन को और अधिक ऊंचाई देने के लिए कटिबद्ध है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### मनरेगा की संरचना खत्म

नरेन्द्र मोदी सरकार ने चर्चा, परामर्श या संसदीय प्रक्रियाओं तथा केंद्र राज्य संबंधों के प्रति सम्मान के बिना मनरेगा को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना तो एक बानगी भर है। सरकार ने मनरेगा की संरचना को नष्ट किया है।

-सोनिया गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख



### अधिकारी अयोग्य

एसआईआर पर सुनवाई के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा (बांग्ला) का बहुत कम ज्ञान है। ऐसे अधिकारी संशोधन अभ्यास के दूसरे फेज के दौरान वेरिफिकेशन करने के लिए अयोग्य हैं।

-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल



### मैं निराश नहीं

विकेट नहीं मिलने से मैं निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं। शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी।

-वैष्णवी शर्मा, क्रिकेटर



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

# इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में ब्लू-कॉलर रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी। उन्होंने रिपोर्ट्स के हवाले से कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं।

**फॉक्सकॉन प्लांट में बनते हैं आईफोन**

उत्पादन का 80% निर्यात होता है



फॉक्सकॉन संयंत्र में काम करती महिलाएं

## हो रहा महिला सशक्तिकरण



वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाली बड़ी फैक्ट्री की आज से 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कुशल श्रमिक वर्ग के रोजगारों का सृजन जारी है। इससे महिलाओं को फायदा हो रहा है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, महिला सशक्तिकरण और जीवन की सुगमता पूरी तरह से प्रदर्शित हो रही है।

**युवा महिलाओं को दी नियुक्ति**

अपने नए आईफोन असेंबली प्लांट के लिए फॉक्सकॉन ने कथित तौर पर महिलाओं को नियुक्त किया है, जिनमें से अधिकांश पहली बार औपचारिक कार्यबल में शामिल हो रही हैं और इनकी आयु वर्ग मुख्य रूप से 19-24 वर्ष है। अगले वर्ष तक, कारखाने में कर्मचारियों की संख्या बढ़कर लगभग 50,000 होने की उम्मीद है।

### 20 हजारा करोड़ का निवेश

इस प्लांट में परीक्षण उत्पादन इस वर्ष अप्रैल-मई में आईफोन 16 के साथ शुरू हुआ था। वर्तमान में, प्लांट में नवीनतम आईफोन 17 प्रो मैक्स मॉडल असेंबल किए जा रहे हैं। उत्पादन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्यात बाजारों के लिए है। ताइवानी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इस प्रोजेक्ट में लगभग 20,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है।

गडकरी ने आईआईटी के योगदान को सराहा

## विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ज्ञान सबसे शक्तिशाली उपकरण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके पास मौजूद भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी पर आधारित होता है। देश के विकास और प्रगति में आईआईटी और उसके छात्रों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। सरकार में काम करते समय अगर हमें कोई चुनौती आती है, तो हम सबसे पहले आईआईटी से सलाह लेते हैं। उनकी विश्वसनीयता इतनी अच्छी है कि हमें जो समाधान मिलता है, वह व्यापक रूप से स्वीकार्य होता है।

तीनों सेनाओं के रक्षा सौदों को हरीझंडी मिलने की है संभावना

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 26 दिसंबर को होगी डीएसी की बैठक!

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की पश्चिमी-सीमाओं पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हो सकती है। जिसमें सेना, वायुसेना और नौसेना की सैन्य और युद्धक क्षमता को मजबूती प्रदान के लिए कुल करीब 70 से 80 हजार करोड़ तक के रक्षा खरीद समझौतों को स्वीकृति मिलने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि डीएसी की यह बैठक राष्ट्रीय राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के दफ्तर में होगी। जिसमें रक्षा मंत्री के अलावा रक्षा सचिव, सीडीएस और तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख तथा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शिरकत करेंगे। ये बैठक मौजूदा साल की डीएसी की अंतिम बैठक भी होगी। जिसमें मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी रक्षा मंत्री के नेतृत्व में जरूरी चर्चाएं करेंगे। डीएसी की इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हवाई रक्षा, आईएसआर क्षमताओं और सशस्त्र सेनाओं की क्षमताओं में कई गुना इजाफा करने का होगा।

अरावली विवाद पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का स्पष्टीकरण

# पर्यावरण की अनदेखी नहीं, नया खनन पट्टा प्रतिबंधित, चंद लोग फैला रहे 'गलत' सूचना


अरावली में 20 वन्यजीव अभयारण्य और 4 टाइगर रिजर्व हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। कुल अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर है, जिसमें सिर्फ 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन की संभावना हो सकती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र संरक्षित जोन में आएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली पर्वत श्रृंखला पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को लेकर फैली अफवाहों और गलत सूचनाओं का खंडन किया है। मंत्री ने कहा कि अरावली हमारे देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है। पीएम की अगुवाई वाली सरकार हमेशा से हरी-भरी अरावली को बढ़ावा देती रही है। कुछ लोग कोर्ट के फैसले पर जानबूझकर गलत सूचना फैला रहे हैं, लेकिन मैंने फैसले को गंभीरता से पढ़ा है। स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई छूट नहीं दी गई है। भूपेंद्र यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक मूल्यांकन के आधार पर फैसला दिया है। यह पहली बार है जब सरकार के हरित आंदोलन को मान्यता मिली है। कोर्ट ने खनन के सीमित उद्देश्य के लिए एक तकनीकी समिति बनाई है।

**कोर्ट का फैसला वैज्ञानिक संरक्षण पर आधारित**

एनसीआर क्षेत्र में कोई खनन अनुमति नहीं दी


अरावली पहाड़ी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव (फाइल फोटो)

**100 मीटर से अधिक की आकृति अरावली पहाड़ी**

मंत्री यादव ने बताया कि 100 मीटर का मुद्दा 'ऊपर से नीचे' तक है, यानी आसपास की जमीन से 100 मीटर या ज्यादा ऊंची भू-आकृति ही अरावली पहाड़ी मानी जाएगी। इसके आधार से लेकर पूरी ढलान तक का क्षेत्र संरक्षित होगा। अगर दो पहाड़ियां 500 मीटर के दायरे में हैं, तो बीच का क्षेत्र भी अरावली रेंज का हिस्सा होगा। एनसीआर क्षेत्र में कोई खनन अनुमति नहीं है। नया खनन पट्टा नहीं दिया जाएगा।

### वन्यजीव अभयारण्य सुरक्षित रहेंगे

अरावली में 20 वन्यजीव अभयारण्य और 4 टाइगर रिजर्व हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। कुल अरावली क्षेत्र लगभग 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर है, जिसमें सिर्फ 0.19 प्रतिशत क्षेत्र में ही खनन की संभावना हो सकती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र संरक्षित जोन में आएगा।

### निगरानी और मजबूत होगी

मंत्री ने कहा कि फैसले में सभी गलत आरोपों और अफवाहों को स्पष्ट कर दिया गया है। अवैध खनन ही अरावली के लिए सबसे बड़ा खतरा है। अब निगरानी और मजबूत होगी। सरकार ग्रीन अरावली के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से रोजगार सहायकों ने की मुलाकात

## 6 से 9 प्रतिशत किया गया रोजगार सहायकों का प्रशासनिक व्यय, अब नहीं होगी दिक्कतः चौहान

कहा, स्टॉफ को समय पर वेतन न मिलना बड़ी चिंता थी, पहले वेतन का भुगतान फिर आवश्यक खर्च का प्रावधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सोमवार को अलग-अलग राज्यों के रोजगार सहायकों ने मुलाकात की और प्रशासनिक व्यय को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत किए जाने पर केन्द्रीय मंत्री को धन्यवाद दिया। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, रोजगार सहायकों, पंचायत सचिवों और तकनीकी स्टाफ को समय पर वेतन न मिलना एक बड़ी चिंता थी, जिसे दूर करने के लिए प्रशासनिक व्यय बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

### 13 हजार करोड़ की राशि देंगे

चौहान ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि, पहले प्रशासनिक व्यय 6 प्रतिशत था, जिसे अब बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। इसका सीधा लाभ ये होगा कि, कुल प्रस्तावित बजट 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ में से 13 हजार करोड़ से अधिक राशि कर्मचारियों के वेतन और प्रशासनिक जरूरतों के लिए सुरक्षित रहेगी। जीप-गाड़ी या अन्य अनावश्यक मदों में खर्च न हो, इस पर भी सख्त निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमों में ऐसा प्रावधान किया गया है कि पहले वेतन का भुगतान हो और उसके बाद अन्य आवश्यक खर्च किए जाएं। इसके लिए राज्यों के साथ समन्वय कर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

कांग्रेस ने रेल किराया बढ़ाए जाने पर मोदी सरकार को घेरा

# डॉ. अजय कुमार बोले- 2024 में दूसरी बार, 10 सालों में रेलवे किराया 107 प्रतिशत तक बढ़ाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने रेल किराया बढ़ाए जाने पर रेलवे की बदहाल स्थिति के मद्देनजर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार ने इसे आम जनता पर बोझ बढ़ाने वाला कदम करार देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने बिना किसी घोषणा के चुपचाप किराया बढ़ा दिया। उन्होंने बताया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल के अंत के समय रेल किराया 32 पैसे प्रति किलो था, जिसे मोदी सरकार ने दस वर्षों में बढ़ाकर 66 पैसे प्रति किलो कर दिया है यानी इस दौरान रेल किराए में 107 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है। 2024 में सरकार बनने के बाद से दूसरी बार किराया बढ़ाया गया है। आम जनता को रेल यात्रा के लिए औसतन 100-200 रुपये अतिरिक्त देने पड़ेंगे।

डॉ. अजय ने कहा कि मोदी ने वरिष्ठ नागरिकों की जेब पर 8,600 करोड़ रुपये की डकैती डाली है। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत तीन रुपये से बढ़कर 50 रुपये तक पहुंच गई है और खाने की थाली 30 रुपये की जगह अब 120 रुपये में मिल रही है। कैग रिपोर्ट के अनुसार रेलवे में दिया जाने वाला खाना इंसानों के खाने लायक नहीं है। पार्किंग में आधे घंटे से अधिक समय के लिए गाड़ी खड़ी करने पर 500 रुपये तक का शुल्क लिया जा रहा है।

कुमार ने कहा कि 2014 से अब तक 712 ट्रेन हादसे हो चुके हैं, जिनमें 768 लोगों की जान गई है। सरकार 1.08 लाख करोड़ बुलेट ट्रेन पर खर्च कर रही है, लेकिन आम जनता की सुरक्षा के लिए जरूरी कवच प्रणाली के लिए बजट नहीं है। उन्होंने बताया कि दस साल में केवल 3% रेलवे लाइनों पर ही सुरक्षा कवच लग पाया है।

लोग टॉयलेट के अंदर बैठकर यात्रा करने को मजबूर हैं। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ का जिक्र करते हुए कहा कि रेलवे ने 1700 की क्षमता वाली बोगियों के लिए 9600 टिकट बेच दिए।

राजनीतिक दलों को हार्ड कॉपी भी कराई जाएगी उपलब्ध

## छग समेत चार राज्यों की ड्राफ्ट मतदाता सूची आज जारी करेगा निर्वाचन आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह की ड्राफ्ट (प्रारूप) मतदाता सूची मंगलवार को प्रकाशित की जाएगी। सभी संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि ड्राफ्ट मतदाता सूची की हार्ड कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे समय रहते सूची का परीक्षण कर सकें और आवश्यक आपत्तियाँ या दावे दर्ज कर सकें। ड्राफ्ट मतदाता सूची आधिकारिक वेबसाइटों पर भी अपलोड किया जाएगा, जिससे आम नागरिक भी आसानी से अपनी प्रविष्टियों की जांच कर सकें। आयोग ने निर्देश दिया कि अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट मतदाताओं की अलग-अलग सूचियाँ भी संबंधित वेबसाइटों पर सार्वजनिक की जाएँ। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। मतदाताओं और राजनीतिक दलों से अपील की गई है कि वे ड्राफ्ट सूची का अवलोकन करें और जरूरत हो तो निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक सुधार हेतु आवेदन करें।

**ममता का केंद्र पर निशाना, चुनाव आयोग पर लगाए आरोप**

टीएमसी की बैठक के दौरान आयोग और भाजपा पर साधा निशाना

## भाजपा राज्य में डेढ़ करोड़ मतदाताओं के नाम लिस्ट से हटवाने की कोशिश कर रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों पर चल रहा है। चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में भारी स्तर पर गलतियां हुई हैं। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बूथ स्तर के एजेंटों को सतर्क रहने और मतदाताओं की रक्षा करने का निर्देश दिया। ममता ने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया जानबूझकर की जा रही है ताकि खास समुदायों के वोट छीने जा सकें।

**बाहरी लोगों को लाने की कोशिश हो रही**

बनर्जी ने कहा कि भाजपा डेढ़ करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने जैसा है। बर्दवान में बाहर के राज्यों, खासकर बिहार से मोटरसाइकिलें लाई जा रही हैं और चुनाव के लिए बाहरी लोगों को लाने की कोशिश हो रही है। एसआईआर को लेकर सभी बीएलए को स्थानीय विधायक, पार्षद और ब्लॉक अध्यक्षों से सलाह करनी चाहिए।

### एसआईआर लोकतंत्र के लिए खतरा

ममता ने एसआईआर को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए प्रशासनिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। ममता ने केंद्र से भेजे गए माइक्रो ऑब्जर्वरों की नियुक्ति पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों को स्थानीय भाषा और हालात की समझ नहीं है, जिससे आम मतदाताओं को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है।

हरियाणा सरकार

**किसान भाइयों से अपील**

**यूरिया व डी.ए.पी. उर्वरक की खरीद पर जबरदस्ती टैगिंग न स्वीकारें**

किसान भाइयों, आपके संज्ञान में लाया जाता है कि यूरिया, डी.ए.पी. एवं अन्य सब्सिडी वाले उर्वरक केवल निर्धारित एम.आर.पी. पर ही बेचे जा सकते हैं। इन उर्वरकों के साथ किसी भी प्रकार की अन्य खाद, दवा, बायो-स्टिमुलेंट, कीटनाशक, बीज या कोई अन्य उत्पाद जबरन 'टैग' करके बेचना उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 नियमों के विरुद्ध है। यदि कोई विक्रेता/डीलर आपको यूरिया या डी.ए.पी. देने के बदले में अन्य उत्पाद जबरन लेने के लिए कहता है, तो आपको पूर्ण अधिकार है कि आप ऐसी टैगिंग को मना कर सकते हैं। ऐसी जबरदस्ती या अनियमितता की स्थिति में तुरंत नजदीकी कृषि विकास अधिकारी / खंड कृषि अधिकारी / उप निदेशक कृषि के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं।

आपकी सजगता से ही किसान समाज को अनावश्यक आर्थिक बोझ एवं शोषण से बचाया जा सकता है। कोई भी उर्वरक केवल उसकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही खरीदें, टैगिंग के दबाव में आकर नहीं।

साथ ही आप विभाग के टोल फ्री नम्बर पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

टोल फ्री नं. 1800 180 2117

निदेशालय दूरभाष 0172-2568754 0172-590094

| उप कृषि निदेशक | फोन नं. |
|---|---|
| अंबाला | 0171-2530517 |
| भिवानी | 9996895327 |
| चरखी दादरी | 9416212901 |
| फरीदाबाद | 0129-2288024 |
| फतेहाबाद | 01667-231122 |
| गुरुग्राम | 0124-2322441 |
| हिसार | 01662-225713 |
| झज्जर | 01251-254330 |
| जींद | 01681-297977 |
| कैथल | 01746-235756 |
| करनाल | 0184-2272623 |

| उप कृषि निदेशक | फोन नं. |
|---|---|
| कुरुक्षेत्र | 01744-220504 |
| महेंद्रगढ़ | 01282-250312 |
| नूहं | 0126-7274702 |
| पलवल | 01275-254060 |
| पंचकूला | 0172-2560056 |
| पानीपत | 0180-2664398 |
| रेवाड़ी | 01274-297378 |
| रोहतक | 01262-274431 |
| सिरसा | 01666-222371 |
| सोनीपत | 0130-2222413 |
| यमुनानगर | 01732-237816 |

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप




### पिंकाथॉन में 115 दृष्टिबाधितों महिलाओं ने लगाई दौड़

**मुंबई।** पिंकाथॉन के 10वें सत्र के विभिन्न श्रेणियों में रिकॉर्ड 115 दृष्टिबाधित महिलाओं के साथ 5,300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह किसी दौड़ स्पर्धा में दृष्टिबाधित महिलाओं की विश्व रिकॉर्ड संख्या है। दो दिवसीय आयोजन में सभी आयु वर्ग के धावकों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी की दौड़ शामिल थीं। पियुषा लोहार ने तीन किमी की दौड़ 12:23 मिनट में जीती, उनके बाद ओवी पाटिल (13:00) और ज्योति पंजाबी (14:16) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पांच किमी वर्ग में यामिनी ठाकरे ने 18:18 मिनट के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया जबकि कोमल खांडेकर (20:16) और श्रेया ओझा (22:03) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पद्मा करांडे ने 10 किमी की दौड़ 42:06 मिनट के समय में जीती, जबकि अंचल मारवाह (48:16) और शालिनी सिंह (48:52) ने पोडियम पर अपनी जगह बनाई।

### विश्व कप में हारने के बाद हो गया था निराश

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि 2023 में खेले गए वनडे विश्व के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद उन्होंने संन्यास लेने पर विचार किया था क्योंकि उन्हें लगा कि 'इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है।' भारत ने घरेलू मैदान पर खेले गए इस वनडे विश्व कप में रोहित की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन किया था तथा लगातार नौ मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन इस महत्वपूर्ण मैच में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाया था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। रोहित ने कहा, 'वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मुझे ऐसा लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है।'



### प्रणवी आईजीपीएल टूर में खेलेंगी जीव मिल्खा के साथ

**कोलंबो।** पुरुष खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पेशेवर टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं प्रणवी उर्स कोलंबो में आयोजित होने वाले आईजीपीएल के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में दिग्गज जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा जैसे खिलाड़ियों को चुनौती देते दिखेंगी। प्रणवी ने 20 नवंबर को 'आईजीपीएल आमंत्रण मुंबई' में जीत के साथ इतिहास रचा था। एशियाई टूर के शीर्ष खिलाड़ी ज्योति रंधावा भी पहली बार इस टूर्नामेंट में शामिल होंगें। वह अब जीव मिल्खा सिंह के साथ यूरोपीय लीजेंड्स टूर में खेलते हैं। मौजूदा सत्र में दो जीत दर्ज करने वाले गगनजीत भुल्लर और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे अमन राज शीर्ष स्थान पर अपनी जगह पक्की करने के लिए जोर लगाएंगे। रिद्धिमा दिलावरी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारत और श्रीलंका के 60 (47 पेशेवर और 17 एमेच्योर) खिलाड़ियों में शामिल है।

### मैं हर तरह की भूमिका निभाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स की टीम से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली ने कहा कि वह अगले साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बल्लेबाजी क्रम में किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार हैं। आक्रामक बल्लेबाज, चुस्त फील्डर और बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी करने वाले कॉनोली को पंजाब किंग्स ने इस महीने की शुरुआत में मिनी नीलामी में तीन करोड़ रुपए में खरीदा था। कॉनोली ने कहा, 'मैं अपने खेल को इस तरह से ढालना पसंद करता हूं, जिससे मैं किसी भी स्थिति में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का पूरी तरह से उपयोग कर सकूं।





# एस्टन विला की लगातार 10वीं जीत, मैनचेस्टर को दी मात

## यूनाइटेड को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मॉर्गन रोजर्स के दो गोल की मदद से एस्टल विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराकर खुद को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में बनाए रखा। एस्टन विला की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार दसवीं जीत है। वह ईपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से केवल तीन अंक पीछे है। रोजर्स ने अपना पहला गोल 45वें और दूसरा गोल 57वें मिनट में किया। यूनाइटेड के लिए एकमात्र गोल मैथियस कुन्हा ने किया। इस तरह से एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उसने लीग में अपने पिछले 12 मैचों में से 11 में जीत हासिल की। यह हार यूनाइटेड के लिए एक और झटका है। वह अपने पिछले आठ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया है और वह तालिका में सातवें स्थान पर है।

# बार्सिलोना की विलारियल पर आसान जीत


राफिन्हा-यामल ने दिलाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

राफिन्हा और लामिन यामल के गोल की बदौलत बार्सिलोना ने विलारियल की टीम को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। बार्सिलोना ने इस जीत से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बनाए रखी। राफिन्हा ने 12वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। यह उनका लीग में इस सत्र का सातवां गोल था।

इसके बाद यामल ने 63वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल किया। उनका भी यह इस सत्र का सातवां गोल है। इस तरह से बार्सिलोना ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। विलारियल की हार के कारण एटलेटिको मैड्रिड ने तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उसने एक अन्य मैच में गिरोना को 3-0 से हराया।

## भारत बनाम श्रीलंका महिला टी-20 : आज शाम 7 बजे से दूसरा मैच

# श्रीलंका पर जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया, फील्डिंग बनेगी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

पहले मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 23 दिसंबर को होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरुप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े।



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

### हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं : हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं। पता नहीं क्यों हम बार-बार कैच छोड़ रहे हैं। मैदान गीला था, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। यह एक ऐसी चीज है, जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अगले मैच में हम बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे।' विश्व कप की सफलता के बाद भारतीय टीम को छह सप्ताह का ब्रेक मिला। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया था। फील्डिंग में थोड़ी बहुत कमी आना लगभग अपेक्षित था और कप्तान को लगता है कि टीम बहुत जल्द लय में आ जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम एक महीने बाद खेल रहे हैं। हम खुद को बेवजह चुनौती नहीं देना चाहते। हम बस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

### भारतीय टीम काफी मजबूत

कागजों पर भी भारतीय टीम मजबूत नजर आती है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों काफी मजबूत हैं। सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने विश्व कप के अपने शानदार प्रदर्शन को यहां भी जारी रखा। भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का टीम में शामिल होना रहा, जिन्हें हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया था। वैष्णवी को भले की कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने चार ओवर में केवल 16 रन दिए और एक भी चौका नहीं लगने दिया। शैफाली वर्मा के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है तथा वह उस प्रारुप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जो उनकी बल्लेबाजी शैली के अनुरुप है।

# घरेलू महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों के वेतन में भारी वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट में समान वेतन संरचना की ओर कदम बढ़ते हुए महिला क्रिकेटरों और मैच अधिकारियों की मैच फीस दोगुनी से भी अधिक बढ़ा दी है। यह कदम भारत की पहली वनडे विश्व कप जीत के बाद उठाया गया है। इस वेतन वृद्धि को बोर्ड की शीर्ष परिषद ने मंजूरी दे दी है। संशोधित संरचना के अनुसार घरेलू टूर्नामेंटों में खेलने वाली सीनियर महिला क्रिकेटरों को अब प्रतिदिन 50,000 रुपये से 60,000 रुपये के बीच मिलेंगे, जो मौजूदा 20,000 रुपये (रिजर्व खिलाड़ियों के लिए 10,000 रुपये) प्रति मैच दिन से काफी अधिक है। सीनियर महिला घरेलू एक दिवसीय टूर्नामेंटों और बहुदिवसीय प्रतियोगिताओं में एकादश में शामिल खिलाड़ियों को प्रतिदिन 50,000 रुपये मिलेंगे, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को इसकी आधी राशि यानी 25,000 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंटों में एकादश में शामिल खिलाड़ियों को प्रति मैच 25,000 रुपये मिलेंगे, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये मिलेंगे। बीसीसीआई के अधिकारियों के अनुसार कोई महिला क्रिकेटर पूरे सत्र के दौरान सभी प्रारूपों में खेलती है, तो वह 12 लाख से लेकर 14 लाख रुपये तक कमा सकती है। शीर्ष परिषद ने जूनियर महिला क्रिकेटरों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की है। अंडर-23 और अंडर-19 श्रेणियों की खिलाड़ियों (एकादश में शामिल) को प्रतिदिन 25,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा, जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये मिलेंगे। अंपायर और मैच रेफरी सहित मैच अधिकारियों को भी इस तरह की बढोतरी का फायदा मिलेगा। घरेलू टूर्नामेंटों के लीग मैचों के लिए अंपायरों और मैच रेफरी के लिए प्रस्तावित आय प्रतिदिन 40,000 रुपये होगी। नॉकआउट मैचों के लिए प्रतिदिन का वेतन 50,000 रुपये से 60,000 रुपये के बीच होगा।

### साइ संचालन समिति ने देश भर के केंद्रों में बुनियादी ढांचे के उन्नयन को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की संचालन समिति ने सोमवार को देश भर में कई अवसंरचना उन्नयन परियोजनाओं को मंजूरी दी जिनमें पश्चिम बंगाल में आठ लेन के सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक और बेंगलुरु केंद्र में 'क्लाइमेट न्यूट्रल (पर्यावरण के दुष्प्रभाव से रहित) हॉकी टर्फ का निर्माण शामिल है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने साइ (संचालन समिति) की इस बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस बैठक को संबोधित करते हुए कहा, " भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र अभी अपनी युवावस्था में है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए इसे हर संभव तरीके से मजबूत करना समय की मांग है।" उन्होंने कहा, " हम आज खिलाड़ी-केंद्रित निर्णय ले रहे हैं और इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ियों को सर्वोत्तम अवसंरचना मिले ताकि राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक जैसे बड़े आयोजनों में पदक जीतने के हमारे लक्ष्य को पूरा किया जा सके।"

### जाधव ने एयर राइफल में जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल।** नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ओलंपियन अर्जुन बबूता की पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। जाधव ने 252.1 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि बबूता ने 251.4 अंक के साथ रजत पदक जीता। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अर्जुन के रेलवे की टीम के साथी शाहू तुषार माने 209.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। हिमांशु (181.1), रामायण तोमर (166.7), ओंकार विकास वाघमारे (145.4) और प्रदीप सिंह (123.3) ने भी फाइनल में जगह बनाई। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर फाइनल में गुजरात के मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 254.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 251.6 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि ओंकार विकास वाघमारे ने 230.1 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 323 रन से हराया, सीरीज की अपने नाम

एजेंसी ▶▶| माउंट माउंगानुई

तेज गेंदबाज जैकब डफी ने 42 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवे और अंतिम दिन सोमवार को 323 रन से बड़ी जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का मुश्किल लक्ष्य था। उसने सुबह अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 43 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 138 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें ब्रैंडन किंग ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से डफी के अलावा अयाज पटेल ने



23 रन देकर तीन विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### डफी ने हैडली को छोड़ा पीछे

न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसकी तरफ से कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने दोनों पारियों में शतक लगाने का कारनामा किया। डफी ने एक कैलेंडर वर्ष में 80 विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के न्यूजीलैंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस श्रृंखला में 15.4 के औसत से 23 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने तीन बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा भी किया। डफी ने कहा, 'मैंने लंच के समय वह सूची देखी और उसमें कई दिग्गज खिलाड़ियों के नाम थे।

# एमआई एमिरेट्स ने डेजर्ट वाइपर्स को हराया, शाकिब का शानदार प्रदर्शन




एजेंसी ▶▶| दुबई

शाकिब अल हसन के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से एमआई एमिरेट्स ने तालिका में शीर्ष पर काबिज डेजर्ट वाइपर्स को चार विकेट से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। शाकिब (चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट) की कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने वाइपर्स को सात विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। वाइपर्स की तरफ से डैन लॉरेंस ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई एमिरेट्स की टीम पावरप्ले में लड़खड़ा गई लेकिन कीरोन पोलार्ड की 15 गेंदों पर खेली गई 26 रन की पारी ने मुकाबले का रुख निर्णायक रूप से पलट दिया। इसके बाद शाकिब (नाबाद 17) डटे रहे और उन्होंने विजयी चौका लगाकर टीम का स्कोर 17.3 ओवर में छह विकेट पर 128 रन पर पहुंचाया।

## यादें 2025 : एथलीटों की डोपिंग अपराधों की वैश्विक सूची में दूसरे स्थान पर भारत

# 90 मीटर पार नीरज, पर रिकॉर्ड के साथ डोपिंग की परछाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फॉर्म में उतार चढ़ाव के बावजूद 90 मीटर तक भाला फेंकने के जादुई आंकड़े को छूने में आखिरकार सफल रहे लेकिन इस बीच वर्ष 2025 में भारतीय एथलेटिक्स को डोपिंग का डंक भी डसता रहा।

चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में भाला फेंक में मानक माने जाने वाले 90 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसी वर्ष टोकियो में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पदक जीतने में नाकाम रहने से उन्हें निराशा भी हाथ लगी। इस प्रतियोगिता में युवा सचिन यादव ने चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया और इस तरह से भाला फेंक में विश्व स्तरीय खिलाड़ी बनने की अपनी क्षमता प्रदर्शित की।




### महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिताओं की मेजबानी

भारतीय एथलीट के लिए सकारात्मक पहलू यह रहा कि भारत ने दो विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिताओं की मेजबानी की। इनमें से एक में चोपड़ा ने मेजबानी की और जीत हासिल की। भारत ने इसके अलावा 2031 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित कुछ प्रमुख महाद्वीपीय और विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए बोली लगाई है।

### चोपड़ा ने जीते तीन बड़े खिताब

नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग, गोल्डन स्पाइक मीट और एनसी क्लासिक के रूप में इस साल तीन बड़े खिताब जीते। उन्होंने घरेलू दर्शकों और परिवार के सदस्यों के सामने एनसी क्लासिक के रूप में विश्व स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अपना सपना साकार किया। इस स्टार खिलाड़ी को हालांकि डायमंड लीग फाइनल में निराशा हाथ लगी और वह जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन सबसे अप्रत्याशित परिणाम सितंबर में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और कुल मिलाकर आठवें स्थान पर रहे। भारत के एक अन्य खिलाड़ी सचिन यादव (86.27 मीटर) ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।

### एथलीटों पर डोपिंग का दंश

डोपिंग अपराधों के कारण अयोग्य घोषित किए गए एथलीटों की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बना हुआ है। डोपिंग के आरोप में पकड़े गए देश के कुछ शीर्ष एथलीटों में शिवपाल, पुणे हाफ मैराथन के विजेता प्रधान विलास किरुलाकर, फर्राटा धाविका शेखर धनलक्ष्मी और 2014 के एशियाई खेलों की पदक विजेता हैमर थ्रोअर मंजू बाला शामिल हैं। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने दो नाबालिगों पर तीन साल का प्रतिबंध भी लगाया है। भारतीय जूनियर टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश नागपुरी को डोपिंग में मिलीभगत के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। दो अन्य कोच करमवीर सिंह और राकेश को भी डोपिंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विपिन बसोया उर्फ जेडी पुत्र करतार सिंह निवासी 501, हड्डू मोहल्ला, मदनपुर, खादर, दिल्ली और रमन बिधूड़ी उर्फ काली पुत्र विनोद कुमार निवासी 186, हड्डू मोहल्ला, मदनपुर, खादर, दिल्ली ने FIR No. 233/2025 U/S 115(2)/117(2)/126(2)/303(2)/333/351(3)/3(5)190/191(1)/191(2)/61(2) BNS, अन्तर्गत थाना न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि **उपर्युक्त दोनों अभियुक्त** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **उपर्युक्त दोनों अभियुक्त** फरार हो गए है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 233/2025 U/S 115(2)/117(2)/126(2)/303(2)/333/351(3)/3(5)190/191(1)/191(2)/61(2) BNS, अन्तर्गत थाना न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विपिन बसोया उर्फ जेडी** और **रमन बिधूड़ी उर्फ काली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.02.2026** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री विनोद जोशी**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**(दक्षिण-पूर्व), कमरा नंबर 23**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/16957/SE/2025(Court Matter)**




## खबर संक्षेप

### इंडोनेशिया में बस पलटी 16 लोगों की मौत



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां पर एक बस दुर्घटना में 16 लोगों की मौत हो गई। वहीं दावा किया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। 34 लोगों को ले जा रही बस टोल रोड पर बेकाबू हो गई और एक कंक्रीट बैरियर से टकराकर पलट गई। यह इंटर-प्रोविंस बस राजधानी जकार्ता से देश के प्राचीन शाही शहर योग्याकार्ता जा रही थी, तभी यह पलट गई। दरअसल, सोमवार तड़के इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में एक पैसेंजर बस हादसे का शिकार हो गई।

### पीएम अल्बनीज ने यहूदी समुदाय से माफी मांगी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बोंडी बीच पर यहूदियों के खिलाफ हुए आतंकवादी हमले को लेकर प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने माफी मांगी। बोंडी बीच पर यहूदियों के त्योहार पर आयोजित हनुक्का इवेंट में आतंकियों ने गोलीबारी की, जिसमें 15 लोग मारे गए थे। पुलिस ने हमले के पीछे की प्लानिंग के बारे में नई जानकारी दी और जीवित बचे आरोपी को जेल भेज दिया। पीएम अल्बनीज ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस हमले के लिए अपनी गहरी जिम्मेदारी महसूस करते हैं।

### मॉस्कोः कार बम धमाके में रूसी जनरल की मौत



**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक कार बम धमाका हुआ, जिसमें रूसी सेना के एक जनरल की मौत हो गई। रूसी जांचकर्ताओं ने कहा है कि वे पड़ताल कर रहे हैं कि क्या ब्लास्ट का संबंध यूक्रेनी स्पेशल फोर्सेज से है। मारे गए सैन्य अधिकारी का नाम लेफ्टिनेंट जनरल फेनील सारवारोव बताया गया है। वह रशियन जनरल स्टाफ के ट्रेनिंग विभाग के प्रमुख थे। सोमवार, 22 दिसंबर की सुबह हुए धमाके से कुछ ही घंटे पहले मियामी में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधियों के बीच युद्ध खत्म करने पर वार्ता हुई थी। सारवारोव 'किआ एसयूवी' चला रहे थे।

## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एक और नया कीर्तिमान रचेगा

# इसरो कल बाहुबली रॉकेट एलवीएम 3 की मदद से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नाम के आधुनिक कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) क्रिसमस से ठीक एक दिन पहले 24 दिसंबर को एक और नया कीर्तिमान रचने जा रहा है। इसरो अपने सबसे शक्तिशाली बाहुबली रॉकेट एलवीएम-3 की मदद से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नाम के आधुनिक कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा।

इस मिशन का नाम 'एलवीएम-3 एम6 मिशन' रखा गया है, जो कि न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के मोबाइल कनेक्टिविटी सिस्टम के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है।

*यह मिशन भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत करेगा*

*इसरो के 'ब्लूबर्ड' पर दुनियाभर की टिकी निगाहें*



रॉकेट एलवीएम-3

### क्या है ब्लूबर्ड सैटेलाइट?

ब्लूबर्ड सैटेलाइट अमेरिका की एएसटी स्पेस मोबाइल कंपनी द्वारा बनाया गया, जो काफी उन्नत किस्म का सैटेलाइट है। यह सीधे अंतरिक्ष से ही ब्रॉडबैंड नेटवर्क या फिर फोन में नेटवर्क प्रदान करेगा। यानी भविष्य में इस सैटेलाइन की मदद से बिना मोबाइल टावर या किसी अतिरिक्त उपकरण के, सीधे फोन पर इंटरनेट, कॉल और डेटा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### बाहुबली रॉकेट से किया जाएगा लॉन्च

इसरो के इस मिशन में इस्तेमाल किया जाने वाला एलवीएम3 रॉकेट इसरो का सबसे भारी और ताकतवर लॉन्च व्हीकल है। यही रॉकेट चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 जैसे अहम मिशनों में भी इस्तेमाल किया जा चुका है। ब्लूबर्ड जैसे भारी और उन्नत सैटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाने की क्षमता एलवीएम3 को खास बनाती है।

### *ब्लूबर्ड सैटेलाइट की खासियत?*

इसरो व अमेरिकी कंपनी द्वारा वाणिज्यिक समझौते के तहत लॉच किए जा रहे ब्लूबर्ड सैटेलाइट डायरेक्ट टू सेल फोन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसकी मदद से दूरदराज पहाड़ी इलाकों और जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या होती है। वहां पर यह सैटेलाइट काफी कारगर साबित होगा। इस सैटेलाइट को 4-जी और 5जी जैसी आधुनिक सर्विस को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। ब्लूबर्ड को दुनिया के सबसे बड़े कमर्शियल कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स में से एक माना जा रहा है। इसमें विशाल फेज्ड-एरे एंटीना लगा है, जो एक साथ बड़ी संख्या में मोबाइल डिवाइस से संपर्क कर सकता है। इसकी डेटा क्षमता पुराने सैटेलाइट्स की तुलना में कई गुना अधिक बताई जा रही है।

### इसरो इतिहास रचने को तैयार

ब्लूबर्ड मिशन से भारत की कमर्शियल लॉन्च सेवाओं को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, यह मिशन भारत-अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग को भी मजबूत करेगा। बता दे कि इसरो एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है।

## भारत विरोधी उस्मान हादी की मौत के बाद बढ़ी हिंसा के बीच बोलीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री

# हिंसा के नियम से चलता आज का बांग्लादेश, यूनुस सरकार में कट्टरपंथियों, आतंकवादियों का बोलबालाः शेख हसीना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते दिनों भारत विरोधी और कट्टरपंथी युवा छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने भारत के इस निकट पड़ोसी देश की सत्ता पर वर्तमान में काबिज अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। इसके अलावा उन्होंने अपने देश से जुड़े हुए कई अन्य मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी है। जिसमें हिंसा और तनाव से भारत-बांग्लादेश संबंधों पर पड़ते प्रभाव, अपने बांग्लादेश प्रत्यर्पण का भी जिक्र किया गया है। भारत की एक प्रमुख निजी समाचार एजेंसी को ईमेल पर दिए एक साक्षात्कार में शेख हसीना ने कहा कि बांग्लादेश के मौजूदा हालातों के लिए पूरी तरह से मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार जिम्मेदार है। क्योंकि उसी के शासनकाल में हुई कट्टरपंथी छात्र नेता हादी की अचानक मौत के बाद तनाव बढ़ा है। जो इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करता है कि ढाका में कानून-व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है और चरमपंथी तत्वों को लगातार बढ़ावा मिल रहा है यानी वो बड़े पैमाने पर फल-फूल रहे हैं। अंतरिम सरकार में कैबिनेट रैंक पर चरमपंथियों के अलावा कानून द्वारा सजा पाए आतंकवादियों को बिठाया गया है।

- ढाका में कानून-व्यवस्था चरमराई

यहां बता दें कि अगस्त 2024 में बांग्लादेश में हुए उग्र छात्र आंदोलन की वजह से तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना देश छोड़कर भारत आना पड़ा था। इसके बाद से वह यहां पर शरण लिए हुए हैं।

मौजूदा हालातों के लिए पूरी तरह से यूनुस की अंतरिम सरकार जिम्मेदार

निष्पक्ष सरकार और स्वतंत्र न्यायपालिका होने पर आऊंगी

### भारत संग खराब होंगे संबंध



*उन्होंने चेतावनी देते हुए कि पिछले साल मुझे सत्ता से हटाने के बाद से लगातार बांग्लादेश के हालात खराब होते जा रहे हैं। जिनका केवल बांग्लादेश की आंतरिक स्थिति पर ही नहीं बल्कि पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा। भारत भी इसमें प्रमुख रूप से शामिल है। इसी अराजकता ने पहले 2024 में मेरी सरकार को हटाया और अब यूनुस की सरकार में ये कई गुना बढ़ गई है। हिंसा एक प्रकार से आज के बांग्लादेश की नियम वाली सच्चाई बन चुकी है। जिसे रोकने में या तो मौजूदा अंतरिम सरकार विफल साबित हुई है या फिर उसके पास इसे रोकने की सामर्थ, शक्ति ही नहीं है। हसीना ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश की हिंसा, अल्पसंख्यकों पर बढ़ते अत्याचारों, अराजकता और अनिश्चितता की स्थिति को प्रत्यक्ष रूप से देखा है। एक प्रकार से यह सब कुछ ढहने जैसा है, जिसे कभी हमने भारत के साथ मिलकर बनाया था। उन्होंने कहा कि जब आप अपनी सीमाओं पर सामान्य स्थिति बरकरार नहीं रखेंगे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही भी आपकी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचता है। भारत, बांग्लादेश के बीच मौलिक संबंध हैं, जो मोहम्मद यूनुस के जाने के बाद भी बने रहेंगे।*

### पाक को गले लगाना गलत

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश की सोच हालांकि सभी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाने की रही है। लेकिन पाकिस्तान के साथ जल्दबाजी में संबंधों को मजबूती देना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। मोहम्मद यूनुस हमारे कई पुराने सहयोगियों, साझेदारों को दूर करने के बाद वैश्विक स्तर पर किसी एक से करीबी बढ़ा रहे हैं। यहां सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि यूनुस के पास कोई जनादेश नहीं है। इसलिए वो यूं मनमाने ढंग से बांग्लादेश की विदेश नीति को परिवर्तित नहीं कर सकते हैं। क्योंकि ये निर्णय साफ तौर पर भावी पीढ़ियों पर असर डालेंगे।

### चरमपंथियों का बोलबाला

### यूनुस सरकार में सजा पाए आतंकवादी

हसीना ने ये भी कहा कि मोहम्मद युनूस की सरकार की हकीकत इस बात से ही पता चल जाती है। क्योंकि उसमें चरमपंथी तत्वों का बोलबाला है। अंतरिम सरकार ने कानून से सजा पाए आतंकवादियों को न केवल जेल से रिहा किया है। बल्कि उन्हें अपनी सरकार में कैबिनेट पोजिशन भी प्रदान की है। यह एक प्रकार से ऐसा है कि बांग्लादेश में ऐसे आतंकी समूहों को सरकारी भागीदारी दी गई है, जिनका अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों से संबंध है और आज वो सार्वजनिक जीवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ गए हैं। चिंता की बात ये है कि यह लोग कोई राजनेता नहीं हैं। न ही इन्हें बांग्लादेश जैसे जटिल देश पर शासन करने का कोई अनुभव है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कट्टरपंथी बांग्लादेश की सरकार का चेहरा बन रहे हैं। ये लोग सुनियोजित ढंग से हमारे देश के संस्थानों को कट्टरपंथी बना रहे हैं। जो न केवल भारत बल्कि दक्षिण-एशिया की स्थिरता में रूचि रखने वाले हर देश के लिए चिंता का कारण होना चाहिए।

### यूनुस ने हताशा में की प्रत्यर्पण की मांग

उन्होंने भारत द्वारा उन्हें दी गई शरण के लिए धन्यवाद दिया और बांग्लादेश द्वारा हाल के समय में की गई प्रत्यर्पण की मांग को लेकर कहा कि ये एक प्रकार से यूनुस शासन की तरफ से नई दिल्ली पहुंचने वाली हताशा के सिवाय और कुछ नहीं है। बाकी लोग आईसीटी को कंगारू ट्रिब्यूनल के रूप में ही देखते हैं। मैंने यूनुस को अपने आरोप हेग तक ले जाने की चुनौती दी है। जहां मुझे पूरा विश्वास है कि वहां मुझे बरी किया जाएगा। शेख हसीना ने कहा कि जब बांग्लादेश में एक निष्पक्ष सरकार और स्वतंत्र न्यायपालिका होगी। तब मैं खुशी के साथ अपने देश लौट जाऊंगी। जिसकी मैंने पूरी जिंदगी सेवा की है।

### अवामी लीग के बिना चुनाव कैसे?

हसीना ने अगले साल फरवरी में बांग्लादेश में होने वाले आम चुनावों पर सवालिया निशान लगाया और कहा कि अवामी लीग के बिना चुनाव, चुनाव नहीं बल्कि साफ तौर पर ताजपोशी है। पहले यूनुस ने बिना बांग्लादेशियों के वोट के बिना राज किया और अब वो एक ऐसी पार्टी पर रोक लगाना चाहते हैं, जिसे बांग्लादेश में एक, दो बार नहीं बल्कि 9 बार आम-जनता द्वारा चुना गया है। अगर हमारी पार्टी पर लगी रोक बरकरार रहती है। तो ये एक प्रकार से चुनावों में आमजन को अपनी पसंदीदा पार्टी को वोट देने के अधिकार से वंचित करने जैसा होगा। ऐसे हालातों में जो भी सरकार बनेगी उसके पास शासन करने का नैतिक अधिकार नहीं होगा। उन्होंने कहा, मैंने बांग्लादेश इसलिए छोड़ा ताकि खूनखराबा न हो, वहां लौटने पर मुझे अपनी राजनीतिक हत्या की भी आशंका है।

## श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ होगी बातचीत, ऑपरेशन सागर बंधु का भी लेंगे जायजा

# पीएम मोदी के विशेष दूत के रूप में आज श्रीलंका दौरे पर रहेंगे विदेश मंत्री



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दित्वा चक्रवात से बुरी तरह से जूझ रहे श्रीलंका को जहां भारत ने सबसे पहले पहुंचकर बड़े पैमाने पर मदद पहुंचाई है। वह देश की पड़ोस सबसे पहले नीति से जुड़ी हुई भावना को स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करती है। इसी क्रम में मंगलवार (23 दिसंबर) को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर श्रीलंका के एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे।

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि डॉ. जयशंकर की निकट पड़ोसी देश की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नियुक्त किए गए विशेष दूत के तौर पर की जाएगी। जिसमें वह श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी मुलाकात करेंगे। इसके अलावा उनका ये दौरा मुख्य रूप से भारत की पड़ोस सबसे पहले की नीति और दित्वा चक्रवात से गंभीर रूप से हुए नुकसान के दौरान चलाए गए राहत एवं बचाव अभियान (एचएडीआर) के संदर्भ से भी जुड़ी हुई है। जिसे लेकर वर्तमान में भी भारत द्वारा श्रीलंका को मानवीय सहायता, राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

### श्रीलंका को दी 1,134 टन राहत सामग्री

गौरतलब है कि भारत ने चक्रवात प्रभावित श्रीलंका की मदद करने के लिए 28 नवंबर को ऑपरेशन सागर बंधु की शुरुआत की थी। जिसके तहत अब तक कुल करीब 1 हजार 134 टन राहत सामग्री भेजी जा चुकी है। सूखा राशन, टेंट, तारपोलिन, स्वच्छता किट, कपड़े, पानी साफ करने का सिस्टम और 14.5 टन दवाएं और सर्जिकल उपकरण इसमें शामिल हैं। भारतीय नौसेना के स्वदेश में निर्मित विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत, जंगी युद्धपोत उदयगिरि, सुकन्या, एलसीयू-54, एलसीयू-57, एलसीयू-51, आईएनएस घड़ियाल और तटरक्षकबल के शौर्य युद्धपोत से बड़ी मात्रा में राहत सामग्री कोलंबो और त्रिंकोमाली पहुंचाई गई है।

### *सैन्य अस्पताल में हुआ 7 हजार मरीजों का इलाज*

*एनडीआरएफ की दो टीमों ने आपात खोज एवं बचाव अभियान चलाए हैं। जबकि भारतीय सेना ने महियांगनया में 85 सदस्यीय फील्ड अस्पताल स्थापित किया है। जिसने अभी तक 7 हजार मरीजों का उपचार किया है। चक्रवात से गंभीर रूप से प्रभावित कुछ इलाकों में मेडिकल केंद्रों द्वारा भीष्म आरोग्य मैत्री क्यूब्स स्थापित की गई हैं। कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए 48 इंजीनियरों के साथ ही 248 टन बेली ब्रिज एयरलिफ्ट किया गया है। वायुसेना, नौसेना के हेलिकॉप्टरों ने लोगों को बचाने के लिए सैन्य टुकड़ियों, राहत सामग्री की डिलीवरी की है। जो मुश्किल वक्त में श्रीलंका को तेजी से मदद पहुंचाने की भारत की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है।*

## भारत के मुरीद हुए अफगान स्वास्थ्य मंत्री जलाली

# भारत ने पाकिस्तान से तनाव के वक्त हेल्थ केयर के लिए की मदद

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मौलवी नूर जलाल जलाली इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। अपनी यात्रा में वह भारत से अफगानिस्तान के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्यादा मदद तलाश रहे हैं। जलाली ने यह माना है कि भारत ने अफगान हेल्थकेयर के लिए लगातार मदद की है, जिसके लिए काबुल शुक्रगुजार है।

जलाली ने अफगानिस्तान को हेल्थ सेक्टर में मदद के लिए भारत की तारीफ करते हुए आभार जताया है। खासतौर से पाकिस्तान से तनाव के वक्त भारत से मिली मदद की उन्होंने सराहना की है। जलाली ने भारत के साथ अफगानिस्तान के रिश्ते और पाकिस्तान के साथ संबंधों में आए तनाव पर प्रतिक्रिया दी है।



जलाली ने काबुल में भारत के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ को अफगानिस्तान के प्रमुख बाल चिकित्सा अस्पतालों में से एक बताया है।

## अमेरिका की खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

# पूरे यूक्रेन और यूरोप पर कब्जा करना चाहते है पुतिन!

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट्स में चेतावनी दी गई है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर अपने युद्ध के लक्ष्य नहीं बदले हैं। वे पूरा यूक्रेन कब्जाने और पूर्व सोवियत साम्राज्य के हिस्सों को वापस लेने की कोशिश जारी रखना चाहते हैं। यह जानकारी अमेरिकी खुफिया से जुड़े छह सूत्रों ने दी है।

यह रिपोर्ट्स अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके शांति वार्ताकारों के बयानों से बिल्कुल अलग है ट्रंप की टीम कहती है कि पुतिन युद्ध खत्म करना चाहते हैं। लेकिन खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुतिन के इरादे वही हैं जो 2022 में पूर्ण आक्रमण शुरू करने के समय थे। सबसे नई रिपोर्ट सितंबर के अंत की है।

यह नतीजे यूरोपीय नेताओं और उनकी खुफिया एजेंसियों के विचारों से मिलते हैं. वह मानते हैं कि पुतिन पूरा यूक्रेन और पूर्व सोवियत ब्लॉक के देशों (नाटो सदस्यों सहित) के क्षेत्र चाहते हैं। अमेरिकी हाउस इंटेलिजेंस कमिटी के डेमोक्रेट सदस्य माइक क्विग्ली ने कहा कि खुफिया जानकारी हमेशा यही रही है कि पुतिन और ज्यादा चाहते हैं। यूरोपीय लोग इस पर पूरी तरह यकीन करते हैं। पोलैंड वाले तो पूरी तरह मानते हैं।



रूसी राष्ट्रपति पुतिन फाइल फोटो

### रूसी सेना ने करीब 6 हजार वर्ग किलोमीटर पर कब्जा किया

वर्तमान में रूस यूक्रेन के करीब 20 प्रतिशत क्षेत्र पर कब्जा जमाए हुए है। इसमें लुहांस्क और दोनेत्स्क प्रांतों का बड़ा हिस्सा (डोनबास औद्योगिक क्षेत्र), जापोरिज्जिया और खेरसॉन के कुछ हिस्से और क्रीमिया शामिल है। पुतिन इन सभी को रूस का हिस्सा बताते हैं। इस साल रूसी सेना ने करीब 6,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा किया है।

### वार्ताकारों ने सुरक्षा गांरटी पर सहमति जताई

ट्रंप की टीम 20-पॉइंट शांति प्लान पर काम कर रही है। उनके दामाद जेरेड कुशनर और रियल एस्टेट डेवलपर स्टीव विटकॉफ यूक्रेन, रूस और यूरोपीय अधिकारियों से बात कर रहे हैं। बर्लिन में अमेरिकी, यूक्रेनी और यूरोपीय वार्ताकारों ने यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर सहमति बनाई है।

### पुतिन ने कहा शांति बातचीत के लिए तैयार हैं, अपनी शर्तें रखी

कुछ सूत्रों के मुताबिक, यह गारंटी यूक्रेन के क्षेत्र छोड़ने पर निर्भर है, लेकिन अन्य कहते हैं कि वैकल्पिक रास्ते भी देखे जा रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की क्षेत्र छोड़ने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक सवाल का जवाब अभी नहीं मिला, ये सुरक्षा गारंटी असल में क्या करेंगी? ट्रंप दबाव डाल रहे हैं कि यूक्रेन दोनेत्स्क के छोटे हिस्से से अपनी सेना हटाए, लेकिन जेलेंस्की और ज्यादातर यूक्रेनी इसे मानने को तैयार नही। पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि वे शांति बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन कोई समझौता नहीं किया और अपनी शर्तें रखीं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109